उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, चण्डीगढ़, बिहार, झारखण्ड से प्रकाशित

http://newssabakipasand.in

# न्यूज सबकी पसन्द

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

गोरखपुर से प्रकाशित

वर्ष-7 अंक-285 गोरखपुर शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020 मूल्य- 3 रूपये पृष्ठ-8

**आप सभी पाठकगण व सदस्य को न्यूज सबकी पसन्द की सफलता के लिये धन्यवाद**

### न्यूज सबकी पसन्द

पेपर पढ़िये और पढ़ाईए
पाइए स्वरोजगार के साथ
निश्चित उपहार
अगर आप में है वो जोश
और जूनून
पत्रकारिता में नये आयाम
स्थापित करने के
तो हिस्सा बने न्यूज सबकी
पसन्द के।

## माँ-बेटी ने झील में कूदकर आत्महत्या की

नागपुर(आरएनएस)।महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 49 वर्षीय एक महिला और उसकी बेटी ने अंबाझरी झील में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि सविता राजू खंगार और उसकी बेटी रुचिता (19) ने घरेलू विवाद के बाद गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को झील में छलांग लगा दी।

उन्होंने बताया कि मृतका नंदनवन के वाथोड़ा लेआउट में एक संयुक्त परिवार में रहती थीं।

अधिकारी ने बताया कि सविता और उसके देवर के बीच झगड़ा हुआ, जिसके दौरान उसने परिवार के अन्य सदस्यों के सामने उसे थप्पड़ मारा।

उन्होंने बताया कि सविता आधी रात को अपनी दो बेटियों के साथ घर से चली गई और लगभग 12 किमी चलने के बाद वह रुचिता के साथ झील में कूद गई, जबकि उसकी दूसरी बेटी ने इसके बारे में परिवार को बताया।

अधिकारी ने बताया कि नागपुर नगर निगम (एनएमसी) के दमकल और आपातकालीन सेवा विभाग के कर्मियों के साथ पुलिस ने शवों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अंबाझरी पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है।

## पाक ने पुंछ में नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों और चौकियों को निशाना बनाया और भारी गोलीबारी की तथा मोर्टार के गोले दागे।अधिकारियों ने बताया कि मानकोट सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों की इस गोलीबारी का भारतीय सैनिकों ने माकूल जवाब दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया, 'सुबह करीब पांच बजकर 15 मिनट पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना किसी उकसावे के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे मानकोट सेक्टर में छोटे आग्नेयास्त्रों से गोलीबारी की और मोर्टार के गोले दागे। पाकिस्तानी सैनिकों ने इस महीने 18वीं बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया।

## पाक और अफगानिस्तान ने कोरोना को हमसे बेहतर संभाला : राहुल



नयी दिल्ली(आरएनएस)। भारत की जीडीपी में बड़ी गिरावट को लेकर इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की रिपोर्ट में इस वित्तीय वर्ष में भारत के जीडीपी ग्रोथ में 10 फीसदी गिरावट का अनुमान जताया गया है। साथ ही यह कहा गया है कि भारत की वृद्धि बांग्लादेश से भी कम रहने वाली है।

इसे लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला बोला है।उनका कहना है कि हमारी तुलना में पाकिस्तान और अफगानिस्तान तक ने कोरोना को बेहतर तरीके से संभाला है।राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, भाजपा सरकार द्वारा हासिल की गई एक और ठोस उपलब्धि।यहां तक कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने भारत की तुलना में कोविड-19 को बेहतर तरीके से संभाला। अपने ट्वीट के साथ उन्होंने आईएमएफ के हवाले से बनाया गया एक ग्राफ साझा किया है।जिसमें भारत की जीडीपी में 10.30 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया गया है।बता दें कि आईएमएफ की रिपोर्ट ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।



गया में बेलगंज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

# बिहार चुनावः पीएम मोदी की पहली रैली 23 को

**बिहार चुनाव**

पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 रैलियां होंगी और पहली रैली 23 अक्तूबर को आयोजित की जायेगी।

बिहार में भाजपा के चुनाव प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी दी। फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी रैलियां राजग की रैलियां होंगी जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं राजग के



अन्य घटक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया, 'प्रधानमंत्री बिहार में 12 रैलियां करेंगे।

प्रधानमंत्री की 23 तारीख को सासाराम में पहली, दूसरी गया और तीसरी भागलपुर में रैली होगी।भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री की 28 अक्तूबर को दरभंगा में पहली, मुजफ्फरपुर में दूसरी और पटना में तीसरी रैली होगी। एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आयेंगे और इस दिन पहली रैली छपरा, दूसरी पूर्वी चंपारण और तीसरी रैली समस्तीपुर में होगी। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली पश्चिमी चंपारण, सहरसा और फारबिसगंज में होगी।

फडणवीस ने बताया कि कोरोना काल के मद्देनजर जहां प्रधानमंत्री मोदी की रैली होगी, उसके आस पास के तमाम मैदानों और विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैलियों के दौरान सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया जायेगा, लोगों को मास्क लगाकर आना होगा और सभा स्थल पर सैनिटाइजर की व्यवस्था की जायेगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार के हर गांव में ऑप्टिकल फाइबर के जरिए इंटरनेट पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से की थी कि देश के सभी गांवों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाया जाएगा। रविशंकर प्रसाद के साथ प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस और राजग के घटक दलों के नेता मौजूद थे।

## भारतीय किसान कल्याण संघ की बैठक 18 अक्टूबर को

प्रयागराज। भारतीय किसान कल्याण संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय संयोजक पवनेश उपाध्याय के दिशा-निर्देश पर प्रदेश प्रभारी कार्तिकेय मिश्रा की उपस्थिति में रामलीला पार्क एडीए कालोनी नैनी में रविवार 18 अक्टूबर दोपहर 1 बजे आहूत की गई है।विस्तार व संगठन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा होगी। बैठक में संगठन में प्रदेश के सभी जिम्मेदार किसान प्रतिनिधियों को उपस्थित होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी भारतीय किसान कल्याण संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी संत ने दी है।

## यूपी में महिला सुरक्षा की स्थिति विचलित करती है और सीएम का 'फोटो सेशन चालू है : प्रियंका



नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में महिला विरोधी अपराधों की हालिया घटनाओं को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा और दावा किया कि राज्य में महिला सुरक्षा की हालत विचलित करने वाली है, लेकिन मुख्यमंत्री का 'फोटो सेशन चल रहा है।उन्होंने ट्वीट किया, 'उप्र में पिछले एक हफ्ते में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 13 भयावह घटनाएं घटी। खबरों के अनुसार चार घटनाओं में पीड़िता की हत्या कर दी गई या पीड़िताओं ने आत्महत्या कर ली। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने दावा किया, 'महिला सुरक्षा की ये दुर्गति विचलित करती है। सीएम साहब को इसपर 'स्पेशल सेशन (विधान मंडल का विशेष सत्र) करने का समय नहीं, हां फोटोसेशन चालू है।


उन्होंने उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ हफ्तों में हुई महिला विरोधी अपराध की घटनाओं का भी उल्लेख किया।

## कुमार सानू कोरोना से संक्रमित

मुंबई (आरएनएस)। लोकप्रिय बॉलीवुड गायक कुमार सानू को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। पार्श्व गायक की टीम ने बृहस्पतिवार शाम को सोशल मीडिया पर यह खबर साझा की। सानू की टीम ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'दुर्भाग्य से सानू दा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, कृपया उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। धन्यवाद। सानू लॉस एंजिलिस में 20 अक्तूबर को अपना 63 वां जन्मदिन मनाने के लिए 14 अक्तूबर को अमेरिका जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन उनके संक्रमित पाए जाने के बाद उनकी योजना अब निरस्त हो गई है। किंग ऑफ मेलोडी के नाम से मशहूर गायक ने विभिन्न भाषाओं में हजारों गाने गाए हैं।

## सोशल डिस्टेंशिंग का पालन जरूरी:अनामिका चैधरी

प्रयागराज। आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए यूनिटी टू फाइट कोरोना अभियान के अंतर्गत प्रयागराज के सीताराम घाट पर लोगों को अनामिका चैधरी प्रदेश मंत्री भाजपा एवं प्रांत संयोजक गंगा विचार मंच उत्तर प्रदेश ने लोगों को 'दो गज की दूरी- मास्क है जरूरी' की संकल्प दिलाई। अनामिका चैधरी ने कहा कि अधि मास के अंतिम दिन और नवरात्रि की पूर्व संध्या पर हम सभी प्रशासन के गाईड लाईन का पालन कर कोरोना से लड़ने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, समय समय पर अपने हाथों को साबुन से धुलते रहे या सेनेटाइज करते रहे। अनामिका चैधरी ने सभी उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण तथा पालीथीन मुक्त के लिए भी संकल्प दिलाई। कोरोना वैश्विक महामारी से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क लगाकर ही



निकलें, सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए हाथों को समय- समय पर साबुन से धुलते रहे के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में कैप्टन सुनील निषाद, जितेंद्र शुक्ला मीडिया प्रभारी, अमन कुमार सह मीडिया प्रभारी, माया देवी, नरेश कश्यप, राज नारायण कश्यप, राजेश सिंह, आकाश निषाद, राकेश कुमार दुबे, काली चरण, शैलेंद्र सिंह, अजय प्रकाश यादव, सत्य प्रकाश तिवारी, ओपी तिवारी, अनूप शुक्ला, भूपेंद्र मिश्रा, पंकज, ओम प्रकाश ओझा, राजमणि मिश्रा, विष्णु देव शुक्ला आदि नगर निगम तथा नमामि गंगे के कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी भाग लिया।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा सचिव अजय कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ रक्षा मंत्री ट्रॉफी 2019 के दौरान (चिकित्सा क्षेत्र के लिए) नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में पोज देते हुए।

### कृपया ध्यान दें

अगर आपको अखबार नहीं मिल रहा हो तो तत्तकाल 7800850013 पर रिंग करें अगर आप कोई खबर भेजना चाहते है तो हमारेई-मेल newssabakipasand2013 @gmail.com का ही प्रयोग करें।

### आवश्यकता है।

आवश्यकता है हमे प्रसार बढ़ाने के लिए प्रसार अधिकारियों की जरूरत है। इस क्षेत्र में अनुभवी लोगो को वरीयता दी जायेगी। फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। शानदार आय एवं अन्य सुविधाएं देय अपना बायोडाटा, ई-मेल newssabakipasand2013 @gmail.com पर कर सकते हैं अभ्यर्थी - 7800850013 पर सम्पर्क कर सकते हैं।



भाजपा दिल्ली अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

# चार दिवसीय संत जन्मोत्सव का हुआ समापन

अयोध्या (आरएनएस)। चार दिवसीय संत जन्मोत्सव का समापन केक काटकर हुआ समापन के अवसर पर संत सतराम दास दरबार के साईं नितिन राम ने कहा कि संत है तो संस्कार और संस्कृति जीवित है संस्कृति और संस्कार भारत की शान व पहचान ह

उन्होंने संत जन्मोत्सव के समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार से यह अपील की कि सरकारी पाठ्य पुस्तकों में सिंधी संतों व महापुरुषों की जीवनी को प्रमुखता से शामिल किया जाए ताकि आज की युवा पीढ़ी संतो व महापुरुषों के बारे में भली-भांति अवगत हो सके रामनगर कॉलोनी के संत सतराम दास दरबार में चल रहे चार दिवसीय संत जन्मोत्सव का समापन शुक्रवार को साईं नितिन राम ने केक काटकर व अरदास कर समापन की घोषणा की इस मौके पर प्रेम प्रकाश आश्रम के साईं महेंद्र लाल ने कहा कि भक्ति के जागरण के लिए ज्ञान और कर्म दोनों की आवश्यकता है इस बात को मन में रखें कि हमें ज्ञान और कर्म दोनों करने हैं दरबार के प्रवक्ता ओम प्रकाश ओमीमी ने बताया कि संत जन्मोत्सव के समापन पर मुंबई के गायक उदय राज, मास्टर भोला व लखनऊ के पवन कुमार तबला वादक, सुजीत कुमार और रामनगर कॉलोनी के नवलराम, कपिल कुमार, दर्शन लाल आदि ने सिंधी भजनों, कलामो व धार्मिक गीतों को प्रस्तुत कर समा बांधी इस मौके पर संत सतराम दास, बाबा रूणा राम, अमर शहीद संत कंवरराम, बाबा जगतराम व साईं वासदेव राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई और संत सतराम दास की धुनी साहब लगाकर साईं नितिन राम ने दरबार में मौजूद श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया प्रवक्ता ने बताया कि इस मौके पर बलराम खत्री, मुस्कान सावलानी, सुरेश भारतीय, दिलीप बजाज, राजकुमार रामानी, रवि वाधवानी, मुकेश रामानी, ओमप्रकाश केवलरामानी, राजेश माखेजा, नकुल राम, जयरामदास केवलरामानी, सौरभ लखमानी, योगेश बजाज, गुड्डू केवलरामानी, प्रेम साधवानी, चंद्रभान माखेजा, हरीश वासवानी आदि मुंह पर मास्क लगाकर व सोशल डिस्टेंसिंग और सरकार की गाइड लाइन का पालन करते हुए मौजूद थे

# बलिया हत्या मामले में 5 हिरासत में, 9 पुलिसकर्मी निलंबित

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में गुरुवार को सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान के चयन के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के मामले में तीन उपनिरीक्षक सहित नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि इस मामले में पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। मामले का मुख्य आरोपी अब भी फरार है और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने इस घटना में पुलिस की लापरवाही को स्वीकार किया है। दूसरी तरफ बैरिया से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने रेवती कांड की पुलिसिया जांच पर सवालिया निशान लगाते हुए इसकी सीआईडी से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि रेवती कांड के मामले में पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। इस मामले पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान के चयन के दौरान हुई घटना के मामले में लापरवाही बरतने पर रेवती थाने में तैनात तीन उप निरीक्षकों सूर्य कांत पांडेय, सदानन्द यादव व कमला सिंह यादव तथा छह अन्य आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में पहले ही उप जिलाधिकारी सुरेश चंद्र पाल व पुलिस उपाधीक्षक चन्द्रकेश सिंह को निलंबित कर दिया था। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी की आख्या से स्पष्ट है कि अभियुक्त गण स्थल पर असलहा लेकर आये और पुलिस उपाधीक्षक चन्द्रकेश सिंह व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रेवती थाने में चंद्रमा पाल की शिकायत पर धीरेंद्र प्रताप सिंह डब्ल्यू, उनके भाई नरेन्द्र प्रताप सिंह सहित आठ लोगों को नामजद किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 20 से 25 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने फिलहाल पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दबिश दी जा रही है, लेकिन मुख्य आरोपी धीरेंद्र समेत सभी फरार हैं। अपर पुलिस महानिदेशक ब्रजभूषण व पुलिस उप महानिरीक्षक सुभाष चंद्र दूबे बलिया पहुंच गये हैं। उन्होंने घटना स्थल का दौरा किया।

पुलिस उप महानिरीक्षक सुभाष चंद्र दूबे ने पत्रकारों को बताया कि इस घटना में प्रथम दृष्टया पुलिस की लापरवाही सामने आई है। रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में बृहस्पतिवार को हुई घटना में मृतक जय प्रकाश पाल उर्फ गामा के भाई तेज प्रताप पाल ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाये है। पाल ने पत्रकारों को बताया कि घटना के बाद पुलिस की भूमिका बेहद शर्मनाक रही है।

उन्होंने दावा किया कि घटनास्थल पर दस पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिसमें दो महिला पुलिस कर्मी भी थी।

# भाजपा के मूल एवं स्वाभिमानी कार्यकर्ताओं की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

प्रयागराज (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी आजाद स्क्वायर वार्ड के बैठक लेते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उदय बलिदान एवं संघर्षों के बल पर हुआ है और आज भी पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता अत्याचारी शासन के खिलाफ लड़ रहा है, अपना बलिदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही दुनिया की एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता अपने गुण और अपने कार्य के अनुसार उच्च से उच्च पद प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता स्वाभिमानी होता है और सेवा और समर्पण के भाव से राष्ट्र एवं समाज के लिए कार्य करता है, और ऐसे पार्टी के मूल एवं स्वाभिमानी कार्यकर्ताओं की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

हम सभी कार्यकर्ताओं की भी एक जिम्मेदारी बनती है कि पार्टी के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करें। बैठक में राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, मनोज मिश्रा, रितेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह पप्पू जी, आलोक शुक्ला, जयप्रकाश दुबे, गया प्रसाद, पवन कुमार आदि वार्ड के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

अयोध्या(आरएनएस)। अयोध्या के थाना-रुदौली में तैनात उप निरीक्षक रणजीत यादव ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर मनाया जन्मदिन। आजमगढ निवासी रणजीत यादव पिछले वर्ष भी रक्तदान और पोधारोपण कर जन्मदिन मनाया था। बी0एच0यू0 वाराणसी से दर्शनशास्त्र से स्नातकोत्तर रणजीत यादव ने लोगो से भी रक्तदान करने के लिए अपील किया। क्योकि रक्त की कोई फैक्ट्री नही होती है इस उपनिरीक्षक रंजीत यादव का ब्लड डोनेट का सातवां साल है हर साल अपने जन्मदिन पर जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट करते हैं किनका दान किया हुआ ब्लड किसी गरीब बेसहारा असहाय लोगों के काम आ सके। उप निरीक्षक रणजीत अपनी ड्यूटी के साथ-साथ रक्तदान, पौधारोपण, नशामुक्ति, शिक्षा व यातायात जागरूकता, असहाय बेसहारा गरीब की मदद करते रहते हैं। गरीबों बेसहारों की मदद करने मे एक अलग खुशी महसूस होती है। इस मौके पर इनके साथ गये समाजसेवी कुलदीप श्रीवास्तव उर्फ गुंजन और संचित वर्मा ने भी रक्तदान कर सब-इंस्पेक्टर को बधाई दिया उपनिरीक्षक रणजीत यादव को आज जन्मदिन के मौके पर डीआईजी/ एसएसपी दीपक कुमार, सीओ रुदौली डॉ धर्मेंद्र यादव व एसएचओ रुदौली केके यादव ने बधाई और शुभकामनाए दिया।

## सोरांव में मिला अजगर, वन विभाग की टीम ने पकड़ा

प्रयागराज। सोरांव थाना क्षेत्र के गोहरी पालिटेक्निक चैराहे के पास लोगों ने आज शुक्रवार की सुबह अजगर देखा। भारी भरकम अजगर देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन विभाग के सोरांव रेंजर बलवंत सिंह अपने सहयोगियों के साथ अजगर को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार की सुबह सोरांव के पालीटेक्निक चैराहे के निकट लोग आ-जा रहे थे। इसी दौरान एक कोने में लोगों को अजगर दिखा। कुछ ही देर में वहां भीड़ जुट गई। अजगर बड़ा था, इससे लोग दहशत में भी थे। हालांकि कुछ उत्साही युवाओं ने अजगर को पकड़ने की नाकाम कोशिश भी की। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। वहां पहुंची पुलिस ने तत्काल वन विभाग को अजगर मिलने की जानकारी दी। कुछ ही देर में वहां वन विभाग के सोरांव रेंजर बलवंत सिंह अन्य कर्मचारियों के साथ वहां पहुंच गए। उन्होंने भीड़ को दूर कराया और कुछ देर की मशक्कत के बाद अजगर को काबू में किया। तब जाकर लोगों में दहशत समाप्त हुई। पिछले दिन भी जनपद में अजगर मिला था। कई लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में भी इस सीन को कैद किया है।

## कांग्रेस नेता डॉ.उदित राज के बयान पर भड़के संत

अयोध्या(आरएनएस)। कांग्रेस नेता डॉ.उदित राज के बयान पर भड़के अयोध्या के संत कहा देश की व्यवस्था बिगाड़ने की भाषा न बोले उदित राज रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का का बयान सरकार के पास जनता से आते हैं पैसे। मठ मंदिर देश की जनता का आस्था का विषय। सरकार अपने विवेक से करेगी खर्च। आचार्य ने कहा उदित राज ऐसी भाषा न करें प्रयोग जिससे देश की व्यवस्था पर हो विपरीत असर। तपस्वी जी की छावनी के महंत परमहंस दास ने कहा उदित राज का मानसिक संतुलन ठीक नहीं सरकार जनता की सेवा के लिए। कुंभ में जनता को व्यवस्था देना आवश्यक। कांग्रेस हमेशा कुठाराघात करती रही। उदित राज के बयान का अयोध्या के धर्माचार्य करते हैं आलोचना।

# प्रस्तावित मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

प्रयागराज(आरएनएस)। कृषि उत्पादन आयुक्त, उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा रबी अभियान में कृषि निवेशों की आपूर्ति एवं अभियान को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत आज शुक्रवार को गाँधी सभागार में मण्डलायुक्त आर. रमेश कुमार की अध्यक्षता में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, नहर, नलकूप, सहकारिता इत्यादि विभागों की समीक्षा की गयी।

मण्डलायुक्त ने बैठक में उपस्थित मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित जनपदों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों, समस्याओं को चिन्हित कर अपने सुझाव के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के प्रगति की सूचना उपलब्ध करायें। कृषि एवं सहकारिता विभाग को कृषि निवेशों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए विक्रय केन्द्रों पर आपूर्ति कराये जाने के निर्देश दिए गए। उर्वरकों के समुचित वितरण व्यवस्था हेतु क्षेत्र विशेष की मांग के अनुसार समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार बिक्री केन्द्रों पर समय से आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कृषकों से प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर उर्वरक बिक्री शत-प्रतिशत पीओएस मशीन के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये। निजी क्षेत्र में कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बीज शोधन इत्यादि कार्यक्रमों में कृषकों की मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो किसान पात्रता की श्रेणी में आते हैं एवं योजना में अभी तक लाभान्वित नहीं हो सके हैं, उन्हें चिन्हित कर किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाए। फसल बीमा कम्पनी को तहसील, जनपद स्तर पर कार्यालय खोले जाने तथा कार्यालय में तैनात कार्मिकों का नाम, मोबाइल नम्बर व कार्यालय का पता सार्वजनिक किये जाने के निर्देश दिए गए। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने एवं तहसील स्तरीय एवं जनपद स्तर पर कार्यशाला के आयोजन के साथ-साथ पम्पलेट्स, पोस्टर का वितरण कराने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र विशेष के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना हेतु परियोजनाओं को चिन्हित किया जाए। मत्स्य विकास योजना के अन्तर्गत जनपदवार लाभार्थियों एवं परियोजनाओं की पत्रावलियां तैयार कराकर डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी से अनुमोदन उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद भ्रमण में क्षेत्र विशेष की समस्याओं को चिन्हित करते हुए उनका निराकरण कराया जाए एवं नवोन्मेषी कार्यकलापों को चिन्हित किया जाये।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त, संयुक्त कृषि निदेशक, अपर निदेशक पशुपालन, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



हैदराबाद के सरोर्नगर में भारी बारिश के बाद एक महिला एक जलभरी गली से गुज़रती हुई।

# प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र'

गौरीगंज, अमेठी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में नवनियुक्त 31277 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से पांच नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

जनपद अमेठी में राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश जनपद प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने एनआईसी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद अमेठी के नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी प्रकार जनपद की अन्य तहसीलों में माननीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिसमें तहसील गौरीगंज के 74, तहसील अमेठी में 68, तहसील तिलोई में 66, तहसील मुसाफिरखाना में 59, तथा कुल 267 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को लगातार रोजगार देने का कार्य कर रही है, प्रदेश में पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती को लेकर 31277 सफल पाए गए अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी अब आप लोगों के ऊपर हैं, आप लोग पूरी लगन व ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाएं, उनको अच्छी शिक्षा प्रदान करें, इसी के साथ उन्होंने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने भी नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित किया एवं उनको शुभकामनाएं दी।

## तीन एडिशनल एसपी के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार को तीन एडिशनल एसपी के तबादले किए हैं। ज्ञानेंद्र सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध गाजियाबाद को अपर पुलिस अधीक्षक, नगर- द्वितीय गाजियाबाद का कार्यभार सौंपा गया। सुभाष चंद्र गंगवार, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात बरेली को अपर पुलिस अधीक्षक, नगर- तृतीय गाजियाबाद में तैनाती मिली वहीं संजीव बाजपेई अपर पुलिस अधीक्षक डॉ भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात बरेली की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## दो महिलाएं शराब के साथ गिरफ्तार

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र से उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने महिला आरक्षी नेहा वर्मा और अंकिता सिंह के साथ मिलकर नीतू पत्नी रजनी निवासी आर्य नगर भादू कॉलोनी और सुमन देवी पत्नी अवनी सिंह निवासी आर्य नगर भादू कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाओं के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र से उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने अभियुक्त मोहम्मद सलाउद्दीन पुत्र अब्दुल हफीज निवासी कॉलोनी मलेसे मऊ को खरगापुर रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## सट्टा खलेते समय गिरफ्तार

लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक शशि प्रकाश सिंह ने अभियुक्त गुफरान पुत्र स्वर्गीय समी, मोहम्मद साकिब पुत्र अलीबख्श, मोहम्मद काशिफ पुत्र मोहम्मद फहीम, रशीद अहमद पुत्र स्वर्गीय रफीक को जुआ खेलते समय पसंदबाग से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से 7 सट्टा की पर्ची, चार कॉपी और 3400 रुपये नगद बरामद हुए हैं। वही आलमबाग थाना क्षेत्र से उप निरीक्षक संदीप मिश्रा ने अभियुक्त सुरेंद्र जायसवाल पुत्र रंग बहादुर निवासी सुजानपुरा आलमबाग को सट्टा खेलते समय गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से चार सट्टा की पर्ची और 4310 रुपये नगद बरामद हुए हैं।

## अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र से अतिरिक्त निरीक्षक आनंद कुमार तिवारी ने अभियुक्त अजय जयसवाल पुत्र स्वर्गीय मेवालाल जयसवाल निवासी नील माथा को सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ बिजनौर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए पास से 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया।

## इनामी चोर गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने 10000 रुपये के इनामी वांछित चोर को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक जीडी शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर सुहावा पुलिया के पास से अभियुक्त अरविंद उर्फ छोटू पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम जरकला थाना विधनू कानपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# गोरखपुर सुनौली बॉर्डर तक जाने वाली मुख हाईवे रोड पर लग रहे ट्रकों की लंबी कतार को देखते हुए उपजिलाधिकारी श्री प्रमोद कुमार जी के नेतृत्व में निकाला गया पैदल मार्च

नौतनवा। जनपद महाराजगंज के नौतनवा में आज दिनांक 16 अक्टूबर 2020 दिन शुक्रवार को नौतनवा टोल प्लाजा से सोनाली नेपाल बॉर्डर तक लग रहे मालवाहक ट्रको की वजह से पूरा रोड जाम होने के कारण थाना प्रभारी सुनौली और थाना प्रभारी नौतनवा के साथ पैदल मार्च किया गया



आपको बताते चलें कि मालवाहक ट्रकों की कटिंग हुई तो ड्राइवरों एवं पुलिसकर्मियों की खैर नहीं एसडीएम पड़ोसी देश नेपाल के बहिया में भंसार कार्यालय परिसर में ट्रकों के खड़ी होने की जगह न होने की वजह से भारत नेपाल सीमा सुनौली से लेकर 12 किलोमीटर तक मालवाहक ट्रकों की लंबी जाम लगी है इसी लंबी जान का फायदा पुलिस वाले कुछ भी सेवा कटिंग करने वाले व्यापारी भी कर रहे हैं ट्रकों की कटिंग करा कर एवं लाइन तोड़कर भेजने के चक्कर में पूरी यात्रा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी काफी शिकायतों एवं मीडिया में सुर्खियों पर आने के बाद उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार ने यातायात व्यवस्था की कमान स्वयं समाधि ली और शुक्रवार को अपने लाव लश्कर के साथ दी-24 मार्ग पर निकल पड़े सड़कों पर निकलने से पूरा हड़कंप मच गया कटिंग कराने वाले पुलिसकर्मी जहां इधर-उधर दुबक गए वहीं कटिंग कराने वाले कुछ अराजक तत्व विभाग निकले कुछ ट्रक ड्राइवरों और मालिकों को एसडीएम प्रमोद कुमार ने हिदायत दी कि यदि लाइन तोड़कर ट्रक के अपने साइड से बेसाइड हुई तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ उन्होंने मालवाहक ट्रकों की कटिंग के खेल में संलिप्त पुलिसकर्मियों को भी चेताया यदि कहीं भी शिकायत मिली लाइन तोड़ कर जा रही पकड़ी गई या छपरा से लाइन तोड़कर कस्बे के अंदर से निकलती हुई निकल गई तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी

आज टोल प्लाजा से सोनौली बॉर्डर तक थाना प्रभारी सोनौलीऔर थाना प्रभारी नौतनवा के साथ पैदल मार्च किया गया और माइक के द्वारा अनाउंस किया गया कि सभी ट्रक ड्राइवर अपने ट्रक लेन में ही रहें फ्री लेन में ट्रक का पार्किंग न करें ।फ्री लेन में किसी प्रकार के वाहन बाइक, स्कूटर, चार पहिया वाहन या ट्रक कोई भी वाहन पार्क नहीं होने हैं।

फ्री लाइन बिल्कुल खाली रहेगा। सभी सुनौली के व्यापारी बंधुओं से भी अनुरोध किया गया की फ्री लाइन में किसी प्रकार के वाहन अपने दुकान के सामने पार्क न होने दें। अगर कोई पार्क करता है तो जवाब दे ही दुकानदार की तय की जाएगी।

अगर कोई कटिंग करते हुए पाया जाएगा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और 151 में जेल भेजा जाएगा ।

## बाइक ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत दूसरा घायल

जगदीशपुर, अमठी । घर से बाइक पर सवार होकर दवा लेने जा रहे पिता पुत्र की ट्रक की चपेट में आ ने से गम्भीर रूप से घायल हो गए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने एक की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने रेफर किया था जहां एक की मौत हो गयी।

थाना क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या रोड स्थिति अली नगर के निकट भोए बाजार जामो निवासी बाबू राम श्रीवास्तव अपने पुत्र दिनेश कुमार उम्र 28 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर ससुराल कचनाव जगदीशपुर जा रहे थे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे पिता पुत्र दोनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगो की मदत से घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर बाबू राम की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया वही पुत्र दिनेश कुमार को मृत घोषित कर दिया ।

# त्यौहार को देखते हुये खजनी थाना के उनवल चौकी में किया गया पीस कमेटी का मीटिंग





गोरखपुर। खजनी थाना अन्तर्गत उनवल चौकी प्रांगण में थानाध्यक्ष मृतुन्जय रॉय के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई । बैठक के दौरान शासन के गाइड लाइन के बारे मे बताया गया। थानाध्यक्ष खजनी ने बताया दुर्गापूजा त्योहार के दौरान मूर्ति 6 फिट के ऊपर नही होनी है। सार्वजनिक स्थल पर थूकना प्रतिबंध है।पंडाल को सेनेटराइज करना अनिवार्य है, थर्मल

- डी जे पर पूर्ण रूप से रहे गा पतिबंध
- बिना परमिसन मूर्ति बैठाने पर किया,जायेगा कार्यवाही

स्कैनिग, हाइपोक्लोराइट करना आवश्यक है। कोरोना के गाइड लाइन का बिशेष ध्यान आयोजक को करना होगा ।मूर्ति विसर्जन में केवल मैजिक गाडी चलेगी ,डी जे पूर्ण रूप से नही बजेगा, मूर्ति विसर्जन के समय अधिकतम 10 लोगो से अधिक नहीं रहना है । 60 वर्ष से ऊपर 10 वर्ष से कम के लोगो का पण्डाल में प्रवेश नही रहेगा। पंडाल में हर्ट, बीपी,शुगर,खासी ,जुखाम, बुखार से पीडित व्यकि पंडाल में प्रवेश नही कर सकेगा। बिना मास्क लगाये कोई भी व्यकि का प्रवेश वर्जित रहेगा। बिना परमिशन मूर्ति बैठाने वाले व कोर्ट के आदेश का अवहेलना करने वाले आयोजको पर तुरन्त मुकदमा होगी। ऊक्त अवसर पर चौकी इंचार्ज उनवल प्रवीण कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव,का.राजू कुमार,बिजय बहादुर गुप्ता चौकी स्टाप सहित बैठक में बैजनाथ,संतोष राम त्रिपाठी, अभिमन्यु तिवारी शिवकुमार शाह,योगेश बर्मा,इन्द्र कुमार निगम,रंजय तिवारी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शिक्षकों को बांटे गए नियुक्ति पत्र

लखनऊ( आरएनएस)। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को प्रदेश सरकार द्वारा बहाल किये गए लखनऊ और उन्नाव के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आशुतोष टण्डन मौजूद रहे। उनके साथ सांसद कौशल किशोर भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संगीत व दीप प्रज्वलित करके की गई। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि समाज के सभी लोगो को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे है। इसके साथ ही बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर, ड्रेस, जूते, किताबे व मध्यान भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इन सब के अतिरिक्त निजी विद्यालयों में शिक्षा दिलाने के इच्छुक आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगो की भी सहायता की जा रही है।

इसके बाद सांसद कौशल किशोर ने कहा कि पहले शासकीय विद्यालयों में कक्षा 5 के बाद ही अंग्रेजी विषय की शिक्षा दी जाती थी लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा हर ब्लाक में कुछ विद्यालयों को चिन्हित करके उनमें शुरू से ही अंग्रेज़ी विषय की शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है ताकि शासकीय स्कूलों के भी बच्चे कान्वेंट स्कूल के बच्चों की ही तरह शिक्षा ग्रहण कर सके और बेहतर प्रदर्शन कर सके।

उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को, जो समाज का पिछड़ा वर्ग है जिसके पास आर्थिक सुविधाए नहीं है और शासकीय विद्यालय में उनके बच्चे पढ़ रहे है तो उनके लिए अपने बच्चों को शासकीय विद्यालय में पढ़ाना गर्व की बात होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों के बच्चे आगे निकलते भी है और बढ़ते भी है, वह आईएएस बनकर प्रदेश का नांम भी रोशन करते रहे हैं। इसके बाद डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि आप सब शिक्षक है और शिक्षक ही अच्छे देश का निर्माण करता है।

# विद्युत कैम्प का हुआ आयोजन

बीकापुर ( आरएनएस ) ।बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वासुदेव पुर में विद्युत विभाग ने एसडीओ मनोज कुमार मौर्या व जेई दिलीप कुमार कनौजिया के नेतृत्व में विद्युत कैम्प का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिल जमा किया गया। विद्युत टीम ने बिल जमा न करने वाले कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। विद्युत कर्मी को देखकर कटिया डालकर विद्युत चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। जे ई दिलीप कुमार कनौजिया ने बताया कि विद्युत कैम्प मैं लगभग ?70 हजार राजस्व वसूला गया। दिल ना जमा करने वाले 9 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटे गए। इसी तरह बीकापुर कस्बा में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 50,000 राजस्व वसूला गया। बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं व दुकानदारों के 6 कनेक्शन काटे गए। एस डी ओ मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि विद्युत चेकिंग अभियान निरंतर क्षेत्र में जारी रहेगा चेकिंग के दौरान यदि कोई विद्युत चोरी करते हुए पाया गया तो उसको किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं घरेलू व्यवसायिक उपभोक्ताओं से अपील किया है कि जिन लोगों के बिल बकाया है वह विद्युत सब स्टेशन पर संपर्क कर जमा कर दें अन्यथा उनके गांव और कस्बे में चेकिंग अभियान के दौरान बकाया मिलने पर उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बासुदेवपुर में आयोजित विद्युत कैंप में दोनों अधिकारियों के अलावा लाइनमैन बरखूराम आदि कर्मी मौजूद रहे।

# भारत - कनाडा व्यापारिक साझेदारी वेबनार संपन्न

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी स्थित पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के यूपी चैप्टर द्वारा शुक्रवार को ओंटारियो - उत्तर प्रदेश व्यापार और निवेश के लिये एक इंटरैक्टिव वेबिनार सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य भारत और कनाडा के बीच रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए कनाडाई उद्यमियों के साथ बातचीत करना था जो इस कोरोना प्रभावित दुनिया में दोनों देशों की स्थिरता और समृद्धि में योगदान दे सके और औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए कनाडा में उद्योग के साथ सहयोग किया जा सके। इस वेबिनार में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इनके अलावा कनाडा के आर्थिक विकास मंत्री, नौकरी सृजन, व्यापार। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत अपूर्वा श्रीवास्तव, ओन्टारियो के आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और व्यापार संवर्धन मंत्रालय की संसदीय सचिव नीना तांगरी, इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और बोर्ड अध्यक्ष प्रमोद गोयल और सीनियर वाईस प्रेसिडेंट पीएचडी चैम्बर प्रदीप मुल्तानी शामिल रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि ओंटारियो एवं यूपी के बीच में निवेश को आकर्षित करने के लिए अपने कार्यशैली को बदलने के साथ उसे और बेहतर बनाने के लिए आज हम एकत्रित हुए हैं उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को एक औद्योगिक प्रदेश बनाना होगा उन्होंने बताया कि इस कोविड-19 महामारी के बाद पूरी दुनिया में सस्टेनेबिलिटी कांसेप्ट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कोविड-19 महामारी से पहले 2019 हमरे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने निश्चय किया था श्री महात्मा गांधी जी के जन्मदिन पर उनकी याद में तीन दिवस निरंतर चलने वाला एक विशेष विधानसभा सत्र करेंगे जिसमें 17 मुख्य बंधु में से 16 उत्तर प्रदेश में लागू करेंगे कि कैसे सस्टेनेबिलिटी के लक्ष्य को प्राप्त कर सके एक प्रख्यात एजुकेशन इंस्टीट्यूट के साथ उत्तर प्रदेश के सारे ब्यूरोक्रेट्स एवं मुख्यमंत्री भी तीन दिवसीय चर्चा में शामिल थे जिसमें नीतियां बनाने के लिए दिशानिर्देश बनाए गए जिनसे हमें इस कोविड-19 महामारी में सहायता मिली ।

कनाडा में फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी रोबोटिक्स फार्मास्यूटिकल टूरिज्म एविएशन में तकनीकी रूप से विकसित है और उत्तर प्रदेश में इन सभी क्षेत्रों में निवेश की आवश्यकता है क्योंकि प्रदेश सरकार फार्मास्यूटिकल पार्क व जेबर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने जा रहा है जहाँ पर कनाडा के ओर से निवेश की आपार संम्भावना हैं और उत्तर प्रदेश में निवेश मित्र पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस पोर्टल में रजिस्टर करते ही 72 घंटे में नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट सरकार की तरफ से जारी हो जाता है। अंत में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मध्य व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक टास्क फोर्स की आवश्यकता है। वेबिनार में पी एच डी चैंबर के 100 सदस्यों ने भाग लिया।

## सम्पादकीय

# ताकि गुलजार हो बाजार

कोरोना संकट से हलकान अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाकर आर्थिकी को गति देने के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को जो तोहफे केंद्र सरकार ने दिये हैं, वे उम्मीद जगाने वाले हैं। केंद्रीय कर्मचारियों को लीव ट्रैवल कन्सेशन यानी एलटीसी के एवज में कैश वाउचर और त्योहारों के लिए दस हजार रुपये एडवांस देने की घोषणा सरकार ने की है। हालांकि, ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के चलते लोग बचत पर ध्यान केंद्रित किये हुए हैं, कर्मचारियों की जेब में आया पैसा 31 मार्च से पहले खर्च करना भी जरूरी होगा। साथ ही यह खर्च बारह फीसदी जीएसटी वाले उत्पादों के लिए ऑनलाइन करना होगा। एडवांस की राशि अगले वित्तीय वर्ष में बिना ब्याज के दस किस्तों में वापस करनी होगी। जैसे कि दुनिया के जाने-माने अर्थशास्त्री कह रहे थे कि मांग और खर्च बढ़ाने के लिये लोगों की जेब में पैसा डाला जाये। सरकार ने पैसा भी डाला है और उसके खर्च का भी इंतजाम साथ ही कर दिया है। निश्चय ही सरकार ने चरमराती अर्थव्यवस्था में प्राणवायु संचार करने की कोशिश की है। बाजार में करीब एक लाख करोड़ अतिरिक्त मांग बढ़ने से आर्थिकी को गति मिलने की उम्मीद की जा रही है। सरकार ने ऐसा समय चुना है जब लोग त्योहारों में खूब खर्च करते हैं। हालांकि, देश में अनलॉक की प्रक्रिया के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार आया है लेकिन देशी-विदेशी रेटिंग संस्थाओं द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर पेश आकलन से सरकार की चिंताएं बढ़ी हैं। जाहिरा तौर पर बाजार में मांग बढ़ाए बिना अर्थव्यवस्था की सेहत सुधारना असंभव है। सरकार इसी तरफ बढ़ी है कि लोगों को कोरोना के भय से मुक्त करके खर्च करने के लिये प्रेरित किया जाये। सरकार को पता है कि कोरोना का भय अभी खत्म नहीं हुआ है, उन्हें बाजार तक लाने के लिये अतिरिक्त उपाय करने जरूरी हैं। सरकार की कोशिश हो कि केंद्रीय कर्मचारियों के अलावा भी अन्य वर्गों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाये।

अर्थशास्त्री कहते रहे हैं कि समाज के गरीब तबके की जेब में कुछ पैसे डालने से अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति सुधरेगी। इसके अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल देने की भी बात की जाती रही है, जिसने कोरोना संकट के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया। इसी के मद्देनजर केंद्र ने मनरेगा का बजट भी बढ़ाया, जो प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने में सहायक साबित हुआ। दरअसल, सरकार ने इस सर्वविदित तथ्य को अपने हालिया कदम का आधार बनाया कि आने वाले त्योहार हमारी आर्थिकी को गति दे सकते हैं। सरकार के इस कदम से न केवल केंद्रीय कर्मचारी बल्कि बड़े उद्यमी, व्यापारी व दुकानदार भी प्रसन्न होंगे, जो कोरोना संकट के चलते मंदी से जूझ रहे थे। बहरहाल, कोरोना संकट के दौरान मध्यवर्ग केंद्र सरकार से राहत की प्रतीक्षा करता रहा है, यह राहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिये तो है, मगर निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी राहत देने का प्रयास करना चाहिए, जिनका रोजगार संकटग्रस्त है। वैसे सरकार की इस योजना का लाभ सरकारी कंपनियों और बैंक कर्मियों को भी मिलने की बात की जा रही है। दरअसल, सरकार ने एक तीर से कई शिकार किये हैं। एक तो कर्मचारियों को खुश किया है, वहीं उन्हें सिर्फ बड़ी उपभोक्ता वस्तुएं खरीदने के लिये प्रेरित किया है, डिजिटल पेमेंट को प्रमोट करने के लिये ऑनलाइन खरीद की अनिवार्यता लागू की है, इसी वित्तीय वर्ष में खरीद की शर्त भी लगायी है। साथ ही यदि एलटीसी के किराये का तीन गुना खर्च किया जायेगा तो ही इनकम टैक्स में छूट मिलेगी। यानी सरकार ने जितना जेब में डाला है उससे अधिक खर्च का प्रबंध भी कर दिया है। अर्थशास्त्री और विपक्षी नेता भी लॉकडाउन के बाद से कह रहे थे कि सरकार को लोगों की जेब में सीधा पैसा डालना चाहिए। उसे खर्च करने के लिये भी प्रेरित किया जाना चाहिए। सरकार ने लोगों को बताया है कि जितना खर्च ज्यादा होगा, उतना लाभ अधिक होगा। सरकार को समाज के दूसरे वर्गों को भी सीधा लाभ पहुंचाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

# जब असफल हो जाये पूरा ही तंत्र

**गुरबचन जगत**

एक दलित महिला व उसकी 19 वर्षीय बेटी खेतों में चारा काटने जाती है। दोनों एक-दूसरे से अलहदा हो जाती हैं। कुछ समय बाद मां बेटी को न पाकर उसकी तलाश शुरू करती है। वह नग्न अवस्था में, खून से लथपथ और हिलने-डुलने में असमर्थ स्थिति में मिलती है, उसकी रीढ़ और कुछ अन्य हड्डियां टूट चुकी थीं और मरणासन्न अवस्था में थी। किसी तरह महिला और उसका बेटा उसे मोटरसाइकिल पर पुलिस थाने ले जाते हैं। वे उसको कैसे मोटरसाइकिल पर ले जा पाए, यह मेरी सोच से परे है। पुलिस उन्हें हाथरस के जिला अस्पताल ले जाने को कहती है। न तो कोई कागज़ी कार्रवाई हुई, न ही कोई प्राथमिकी दर्ज की। घटना रोजनामचे में भी दर्ज नहीं की गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर उन्हें पीड़िता को अलीगढ़ ले जाने को कहा गया। लेकिन वहां जाएं कैसे? क्या अस्पताल ने एम्बुलेंस मुहैया करवाई?

किसी तरह वे अलीगढ़ अस्पताल पहुंचते हैं और कुछ दिनों के बाद पीड़िता को आगे सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली ले जाने को कहा जाता है। वहां पहुंचने के बाद मृत्यु होने से उसे नारकीय यंत्रणा से मुक्ति मिली, इस दौरान समूचा राज्य प्रशासन सोता रहा... पुलिस, पंचायत, जिलाधीश, मीडिया... सब सोए रहे। एक लड़की के साथ बलात्कार होता है, अकथनीय जुल्म हुआ और हड्डियां टूटीं, क्या यह सब राज्य सरकार को जगाने को काफी नहीं था? सत्ता की शपथ लेते समय पहला फर्ज 'नागरिकों' की सुरक्षा यकीनी बनाना होता है। घटनाक्रम में सबसे अहम यह है कि क्या स्थानीय प्रशासन जघन्य अपराध को नजरअंदाज करके खुद भागीदार नहीं कहलवाएगा? जबकि आरंभ से ही जरूरी था : सर्वप्रथम गांव के सरपंच को खुद साथ जाकर पीड़िता को थाने पहुंचाकर प्राथमिकी दर्ज करवानी चाहिए थी।

लड़की को अलीगढ़ ले जाने के लिए एम्बुलेंस मुहैया करवाना अस्पताल का फर्ज था। इस बीच पुलिस को साथ जाकर पीड़िता और मां का बयान दर्ज करना चाहिए था। पुलिस, अस्पताल और सरपंच का जिम्मा बनता था कि अलीगढ़ में लड़की की तबीयत की बराबर जानकारी रखते, जरूरत पड़ने पर समय रहते दिल्ली पहुंचवाते। इसी समय पुलिस को गांव में जुर्म की जांच शुरू कर देनी चाहिए थी और उन चारों आरोपियों की धरपकड़ की जाती, जिन्हें लड़की ने अपने बयान में नामजद किया था। वारदात के तुरंत बाद उप-जिला पुलिस कप्तान और जिला मजिस्ट्रेट का गांव एवं अस्पताल का दौरा करना बनता था। जिला अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं थी, जबकि जिले की कानून-व्यवस्था बनी रहे, इसका दारोमदार उस पर होता है। कानून एवं विभागीय नियमानुसार जरूरी उपरोक्त निर्देशों में एक पर भी अमल नहीं हुआ। अपराध स्थल को फॉरेंसिक टीम के अन्वेषण हेतु सुरक्षित बनाया जाना चाहिए था। घटनास्थल की खून से सनी मिट्टी, बाल, कपड़ों और नाखूनों के निचले अंदरूनी भागों से सैंपल उठाए जाने चाहिए थे ताकि डीएनए टेस्ट किया जा सकता। लड़की के कपड़े कहां गए? वीर्य वगैरह के नमूने इकट्ठा करने को उनकी बरामदगी बहुत अहम थी, क्या यह सब किया गया?

हालांकि इसके बावजूद राज्य सरकार ने अपनी और आरोपित सवर्णों की खाल बचाने को फुर्ती दिखाई है। उसके बंदे दिल्ली पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया, परिवार को अपने हाल पर छोड़कर, शव लेकर गांव की ओर निकल पड़े। अब तक केंद्र सरकार को दलित लड़की की मौत का खतरनाक होने का अहसास हो चुका था। उधर परिवार भी जैसे-तैसे गांव पहुंचा, लेकिन शव पुलिस के कब्जे में ही रहा और परिजनों से अगली सुबह दाह-संस्कार करने का वादा भी किया, किंतु जैसा कि 'महान राज्य' उ.प्र. की एनकाउंटर में जुटी रहने वाली पुलिस ने अंधेरे की आड़ में रात के ढाई बजे अंतिम संस्कार कर दिया और परिवार को अंतिम दर्शन तो क्या, पास तक नहीं फटकने दिया।

अब तक नाटकीय घटनाक्रम का किरदार बनने को अधीर मीडिया भी पहुंचना शुरू हुआ, विपक्षी नेता आने लगे। पुलिस ने आनन-फानन में बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बना डाला। उसको स्पष्ट निर्देश था कि कोई मीडिया कर्मी-विपक्षी नेता-बाहरी व्यक्ति गांव में परिवार से न मिलने पाए। इसे उ.प्र. पुलिस ने दक्षता से निभाया, आखिरकार कुंभ जैसे विशालकाय आयोजन में त्रुटिरहित भीड़-नियंत्रण का अनुभव जो उसके पास था! अब मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान समेत राजधानी लखनऊ से आए बड़े साहब लोग पूरे दल-बल के साथ थे। संक्षेप में कहें चंद नेताओं के अलावा परिवार से किसी को मिलने नहीं दिया गया। उपस्थित डीएम के डर के मारे परिवार ने ज्यादा कुछ नहीं कहा, क्योंकि उक्त महोदय ने पहले ही उनको 'ठीकठाक' ढंग से यह 'पाठ' पढ़वा दिया था कि जल्द मीडिया और वहां पहुंचे बाकी लोग चले जाएंगे, किंतु स्थानीय 'हाकिम' होने के नाते मैं यहीं रहूंगा और आखिर में जरूरत मेरी ही पड़ेगी। रस्मी तौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया (ऐसे मामलों में कुछ समय बाद फिर से बहाली हो जाती है) और जनता से वही पुराना जुमला दोहराया गया 'दोषी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा और मिसालयोग्य सजा दी जाएगी।' तो फिर यहां जिलाधिकारी को कैसे बर्खास्तगी से बचा लिया?

गांव के सवर्णों ने भी राग अलापा उनके लड़के बेकसूर हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी ने कहा कि लड़की का तो बलात्कार हुआ ही नहीं... यानी दक्षतापूर्ण लीपापोती शुरू हुई। एक ?भारतीय 'नागरिक' का बलात्कार हो जाता है, अकथनीय जुल्म ढाया गया और जगह-जगह से शरीर की हड्डियां टूट गईं, उसे राज्य सरकार अपने हाल पर छोड़ देती है और अंत में उसी 'नागरिक' के शव को परिवार की अनुपस्थिति में रात के अंधेरे में फूंक दिया गया। हम अपने दुश्मन तक से कहीं बेहतर बर्ताव करते थे। क्या वह बेचारी लड़की 'नागरिक' होने के लायक भी नहीं थी?

अन्य मामलों की तरह हमारी संपूर्ण अपराध न्यायिक प्रणाली भी असफल हो चुकी है। अब पूरा तंत्र सत्ता पर काबिज लोगों द्वारा संचालित है, जिसका प्रतीक सूबे का मुख्यमंत्री है। संपूर्ण शक्ति उसके हाथों में केंद्रित है और एसपी-डीएम-जज केवल मोहरे मात्र हैं, जो एक इशारे पर आगे या पीछे चलने को तत्पर रहते हैं। पुलिस की यह बताने की कोशिश रही कि बलात्कार हुआ ही नहीं और इसे वह चिकित्सा-विधिक (मेडिको-लीगल) रिपोर्ट का हवाला देकर सिद्ध करने में लगी हुई है। बलात्कार की पुष्टि के लिए लड़की की मेडिकल जांच घटना के 11 दिन बाद की गई। इतने दिनों बाद वहां जांच के लिए क्या सबूत बचता? पुलिस की जांच क्या कहती है? कोई जांच हुई भी है या नहीं? प्राथमिकी कब दर्ज हुई? केस डायरी कब लिखी गई? क्या किसी अधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया था? क्या फॉरेंसिक टीम ने अपना काम सही ढंग से किया? क्या न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास प्राथमिकी और केस-डायरी की प्रतिलिपि तयशुदा समय में पहुंच पाई? क्या जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि अभियोजन पक्ष जांच की निगरानी करे और क्या खुद उसने पुलिस की जांच की निगरानी की? मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि ऐसा कुछ भी नहीं किया गया होगा, जैसा कि हमारी कानून एवं निर्देश संहिता कहती है, बल्कि अब पिछली तारीख में एंट्रियां डाल दी जाएंगी। पूरे तंत्र को राजनेताओं ने बिगाड़ दिया है।

इन तमाम बातों को दरकिनार कर भी दें तो स्वयं पीड़िता ने मृत्यु से पूर्व बयान में खुद से बलात्कार किया गया बताया और चार आरोपियों के नाम उजागर किए हैं-क्यों सरकारें और पुलिस इस सच्चाई को मानने से पीछे हट रही हैं? बहरहाल, राज्य सरकार ने यह मामला सीबीआई को देकर अपनी खाल बचाने का उपाय किया है। हालांकि मैं जांच पर पूर्वाग्रही नहीं बनना चाहता लेकिन सीबीआई की पिछली कारगुजारियों को देखते हुए मुझे बहुत ज्यादा भरोसा भी नहीं है। सुशांत राजपूत के मामले में मोर्चा संभालने वाले हमारे मीडिया-योद्धाओं ने (जहां वे खुदकुशी को कत्ल बताकर इसके पीछे बॉलीवुड में व्याप्त नशा-माफिया होना सिद्ध कर रहे हैं) हाथरस कांड को भी हाथों-हाथ लेकर जोर-शोर से मुख्य खबर बनाया है। अब वे इसको उ.प्र. सरकार को बदनाम करने की अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की साजिश बता रहे हैं, नवीनतम उलटफेर में वे पीड़ित पक्ष को आरोपी... तो आरोपियों को पीड़ित बनाने में जुट गए हैं। क्या वास्तव में यह दावा सही है? क्या यह बात वे बाकायदा जांच के बाद कह रहे हैं अथवा इसका स्रोत क्या है? सीबीआई को जो फाइल सौंपी जाएगी, उसके प्रमाण कहां हैं?

हे हाथरस की मेरी अज़ीज़ दिवंगत पुत्री, ऐसे राज्य-प्रशासन से आप किस न्याय की अपेक्षा करेंगी? जिलाधिकारी सही था, जब उसने कहा था कि विपक्षी दल और मीडिया चले जाएंगे लेकिन स्थानीय दारोगा और मैं डीएम यहीं रहेंगे और हमें संविधान और इसके नियम-कायदों पर नहीं बल्कि लखनऊ से आने वाले 'फरमानों' पर अमल करना है। आज समय की मांग है कि एक और गांधी आए, एक और भगत सिंह उठे, लेकिन इस परिवार के आर्तनाद का उत्तर किसी के पास है? तथापि मेरी उम्मीद उस पुरानी कहावत पर अभी भी टिकी है-'जिस घड़ी होना होगा... एक महामानव आएगा।'

## स्वामित्व योजना: किसानों को प्रॉपर्टी कार्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'स्वामित्व' योजना के तहत गांवों के लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड बांटने की शुरुआत की। आरंभ में इसके तहत छह राज्यों में फैले 750 गांवों के एक लाख लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड मिलने हैं, लेकिन सरकार कह रही है कि अगले चार साल में पूरे देश के छह लाख से ज्यादा गांवों में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। साफ है कि इस महत्वाकांक्षी योजना से देश के ग्रामीण समाज में एक बड़ी उथल-पुथल आने वाली है। भारत की दो-तिहाई आबादी आज भी गांवों में रहती है और इसका ज्यादातर हिस्सा ऐसा है जिसके पास न केवल अपना घर है बल्कि थोड़ी-बहुत कृषि योग्य जमीन भी है।

लेकिन इस संपत्ति का मालिकाना साबित करने वाले दस्तावेज बहुत कम परिवारों के पास हैं। ऐसे में ये परिवार चाह कर भी अपनी इस संपत्ति पर बैंकों से कोई लोन नहीं ले सकते। न ही कानूनी तौर पर किसी से इस संपत्ति के आधार पर कोई कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं।

नतीजा यह कि देश की इस संपदा का पूंजीकरण नहीं हो पा रहा है। हाल ही में सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग से जुड़े कानून बनाए हैं। लेकिन अगर किसानों के पास अपनी जमीन के स्वामित्व के दस्तावेज नहीं हुए तो वे किसी कंपनी या व्यक्ति से कॉन्ट्रैक्ट कैसे करेंगे? जाहिर है, कृषि सुधारों को जमीन पर उतारने के लिए भी यह आवश्यक है कि किसानों के पास भू-स्वामित्व के कानूनी तौर पर मान्य सबूत मौजूद हों। प्रॉपर्टी कार्ड इस जरूरत को अच्छी तरह पूरा कर सकते हैं। ध्यान में रखने वाली बात इस सिलसिले में यह है कि गांवों में मामला चाहे जमीन का हो या पुश्तैनी मकान का, इसके स्वामित्व का सवाल देश के सबसे उलझे सवालों में एक है। पुश्त दर पुश्त आपसी समझदारी से काम चलता रहता है। लेकिन बात अगर कानूनी अधिकार की आएगी तो कोई भी अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं होगा।

जो अभी शहर में नौकरी से गुजारा करते हैं और खेती से होने वाली उपज गांवों में रह रहे परिजनों के लिए छोड़े हुए हैं, वे भी मालिकाने के सवाल पर इंच-इंच नपा लेंगे। शादीशुदा बेटियां अपनी पैतृक संपत्ति में भले कोई दिलचस्पी न लेती हों, अपना कानूनी मालिकाना भला कैसे छोड़ देंगी? लब्बोलुआब यह कि इस 'सर्वे ऑफ विलेजेज एंड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नॉलजी इन विलेज एरियाज' यानी स्वामित्व मिशन के परिणामस्वरूप गांवों के हर घर में जबर्दस्त टकराव की स्थिति देखने को मिल सकती है। यह सही है कि आवश्यक सुधारों को संभावित झगड़ों और विवादों के डर से अनंत काल तक स्थगित नहीं रखा जा सकता, लेकिन इतना जरूर सुनिश्चित किया जा सकता है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए धीरे-धीरे और सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ा जाए।

## वैक्सीन का रोना

सौरभ जैन

मैं और कोरोना गिफ्टेड बेरोजगारी से उपजी मेरी तन्हाई अक्सर यह बातें करते हैं कि कोरोना की वैक्सीन का फॉर्मूला मेरे पास होता तो क्या होता? एक समय पर मैं कितने सारे न्यूज़ चैनलों पर सबसे पहले होता? बिग बॉस, आईपीएल, कौन बनेगा करोड़पति की टीआरपी मेरे आगे फीकी पड़ गई होती। जिन गुरुजी ने कक्षा पांच में 'नालायक तू कुछ नहीं करेगा चाहे तो लिख कर रख ले' कहा था वे आज गर्व से मुझे अपना विद्यार्थी बताते नहीं थकते। रूस के राष्ट्रपति बधाई देने के लिए फोन मिलाते, चीन-पाकिस्तान मेरी निंदा कर रहे होते... मगर, मेरे पास फेसबुक है, व्हाट्स एप है, इंटरनेट पैक भी है मगर वैक्सीन नहीं है।

अब जब कोरोना की वैक्सीन आएगी तब मेरा क्या होगा? मैं ठहरा साधारण-सा मध्यवर्गीय आम आदमी जो न तो उच्च वर्ग में आता है न ही निम्न वर्ग में।

इस मध्यम वर्ग वाले की तो खबर भी खबरों में नहीं आती। खबरों में आई एक खबर ने मेरी चिंता को दिन दोगुना रात चौगुना कर दिया है।

# कोरोना और क्षेत्रीय नियोजन में समाधान की तलाश

**एस.एस. सांगवान**

भारत में कृषि वस्तुओं की जब भी कीमतें कम होती थीं तो किसानों को परेशानी होती थी। अस्सी के दशक के अंत में सूखे और कम कीमतों के की वजह से 1990 में पहली ऋण माफी हुई और लगभग उन्हीं कारणों से वर्ष 2008 में दूसरी बार ऋण माफी की गई थी। इसी तरह, कई राज्यों को कृषि ऋण माफी के लिए जाना पड़ा। यह संबंध साबित करता है कि किसानों की समस्याओं में फसलों की कीमत एक महत्वपूर्ण कारक है। इसी वजह से भारत सरकार ने 2018 में सभी कृषि वस्तुओं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में लगभग डेढ़ गुना वृद्धि की। दरअसल, किसानों को ये एमएसपी नहीं मिल पा रही हैं। खबरों के अनुसार, सरकार ने खरीफ फसलों बाजरा, कपास और दालों की खरीद शुरू नहीं की है। खरीद कुल उत्पादन का सिर्फ छोटा प्रतिशत है। नेफेड मूल्य समर्थन योजना के तहत दालों और तिलहन के कुल उत्पादन का अधिकतम 25 प्रतिशत खरीदता है, जबकि एफसीआई गेहूं, चावल और कुछ मोटे अनाज खरीदता है, जो केवल कुछ राज्यों में सीमित है। एफसीआई द्वारा वर्ष 2014-15 से 2017-18 के दौरान कुल उत्पादन की औसत गेहूं खरीद का केवल 28 प्रतिशत, धान की 33 प्रतिशत और कोर्स अनाज का 1 प्रतिशत खरीदा गया। एफसीआई खरीद पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश (गेहूं) तक सीमित है जबकि आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान हाल के वर्षों में कुछ हद तक शामिल हो गए हैं। पीएसएस के तहत खरीफ 2017 से तिलहन और दालें की खरीद बहुत अधिक रही है। यद्यपि इसमें कुल उत्पादन का केवल 12 प्रतिशत कवर किया गया है।

शांता कुमार समिति की रिपोर्ट एफसीआई द्वारा सीमित खरीद की सिफारिश के बावजूद, अभी भी पंजाब और हरियाणा में गेहूं और धान का कुल उत्पादन खरीदा जा रहा है। वर्तमान में, एफसीआई के पास गेहूं और चावल का स्टॉक अनुशंसित स्टॉक का लगभग 3 गुना है। इसी प्रकार, दालों और तिलहनों के भंडार नेफेड द्वारा अगली कटाई के मौसम तक नहीं बेचे जाते हैं, जिससे आगे खरीद करना मुश्किल हो जाता है। हाल के वर्षों में दालों और तिलहनों की बाजार कीमतें एमएसपी से नीचे रही हैं और सरकार खरीद स्टॉक को संभालने और बेचने में लगभग 1000-1500 रुपये प्रति क्विंटल की हानि हो रही है। अधिकांश फसलों की हमारी एमएसपी उनके अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों से अधिक है और इस प्रकार कृषि को कुल सब्सिडी सहायता हर साल बढ़ रही है। क्या हमारी अर्थव्यवस्था इसे सहन कर सकती है? या विकल्पों को आजमाने की जरूरत है। एरिया प्लानिंग; संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंगलैंड इत्यादि देशों द्वारा अपनाया गया वैकल्पिक तंत्र है।

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में फसलों के तहत क्षेत्र की योजना एक बड़ी चुनौती है। सबसे पहले, राष्ट्रीय स्तर पर फसलवार कुल मांग का सटीक आकलन संबंधित विभागों द्वारा बुवाई के मौसम से पहले किया जाना चाहिए। फिर पिछले पांच सालों फसलवार औसत क्षेत्रों (बेस एरिया) का सही अनुमान और उनका राज्य वार वितरण किया जा सकता है। कृषि और बागवानी विभाग के राज्य अधिकारी एमएसपी में खरीद के लाभ देने के लिए बुवाई के मौसम से पहले फसलवार व्यक्तिगत किसान के क्षेत्र को पंजीकृत कर सकते हैं। जब किसी विशेष फसल के नीचे पंजीकृत, क्षेत्र जिला व राज्य की आवंटित सीमा तक पहुंच जाता है, इसके पंजीकरण को रोका जा सकता है और शेष किसान अगली सबसे अच्छी लाभकारी फसल के लिए पंजीकरण कर सकते हैं जहां सीमा नहीं पहुंच पाई है।

# लोजपा के सिम्बल पर मुन्ना किन्नर ने भरा पर्चा

**जितेंद्र पाठक, सवांददाता न्यूज सबकी पसंद**



हथुआ(गोपालगंज)। बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव को लेकर शुक्रबार को हथुआ 104 विधानसभा से लोकजनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार रामदर्शन प्रशाद उर्फ मुन्ना किन्नर ने नामांकन के पहले के पूजन अर्चना कर हथुआ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया अब अंतिम दौर में चल रहा है। इसी के अन्तर्गत आज हथुआ विधान सभा क्षेत्र 104 के लोकजनशक्ति पार्टी के उमीदवार मुन्ना किन्नर ने नामांकन किया।इस दौरान हजारों सक्रिय कार्यकर्ता व जनता मौजूद रहे नामांकन के बाद मीरगंज के सटे इलाकों मे उन्होंने जनता के बीच जाकर संपर्क करना प्रारंभ कर दिया है। जनता के द्वारा उन पर पूर्ण रूप से आशीर्वाद दिया जा रहा है उनके द्वारा नामांकन कराकर कार्यालय से निकलते ही उनके समर्थकों ने उन्हें फूल माला पहनाया तथा उनके स्वागत में नारे लागए।

इस दौरान लोकजनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओ में काफी जोश व उत्साह का माहौल था। ऐसा लग रहा था कि मुन्ना किन्नर नामांकन कराने नही बल्कि चुनाव जीत कर आए हो।पत्रकारों से बात करने के दौरान राम दर्शन प्रसाद उर्फ मुन्ना किन्नर ने बताया कि हमारे लिए सभी ग्रामीण जनता भगवान के रूप है आप सब बगला छाप पर मुहर लगाए, अगर हमारी जीत होती है तो यह जीत सभी हथुआ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की होगी गरीबी, शिक्षा, बेरोजगारी, बिहार में बंद पड़े, शराब तथा चीनी मिल कृषि इत्यादि कार्य जीतने के बाद मेरे द्वारा जल्द कराई जाएगी यह मेरा पहली प्राथमिकता रहेंगी।

## हादसाः ग्यास पुर में सरयू नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

सिसवन (सिवान )अभय कुमार प्रखण्ड के ग्यास पुर सरयू नदी के घाट पर नहाने के दौरान डूब जाने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानिये ग्यासपुर (चीरा)निवासी सुदामा यादव के 20 वर्षीय पुत्र अजित कुमार यादव के रुप में हुई है कारी के अनुसार जानकारी के अनुसार अजीत कुमार यादव अपने अन्य दो मित्रों के साथ शुक्रवार को सुवह लगभग आठ बजें सरयू नदी में नहाने गए थे इस बीच अचानक अजित नदी के चक्रीय धारा के चपेट में आ गया और नीचे चला गया। अन्य युवकों ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश भी की परन्तु वे नाकाम रहे। बाद में सूचना मिलने पर सिसवन थाना अध्यक्ष कुमार बैभव निर्देश पर नेतृत्व में गोताखोरों ने नाव व जाल के सहारे शव की खोजबीन शुरू की। जानकारी के अनुसार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये सिवान भेज दिया। वहीं डूबने की सूचना पर घाट पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें......

### सीमावर्ती इलाकों में सख्ती बरतने को लेकर एसपी कुमार आशीष ने की वर्चुअल मीटिंग

**न्यूज सबकी पसन्द, किशनगंज**




वर्चुअल मीटिंग के दौरान एसपी कुमार आशीष

किशनगंज। पुलिस कप्तान कुमार आशीष के द्वारा किशनगंज की अंतरराज्यीय और अन्तर्देशीय सीमा पर अवस्थित सभी जिला के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के साथ वर्चुअल मीटिंग जूम ऐप के माध्यम से की गई। उक्त बैठक में जूम ऐप के माध्यम से सीडीओ, झापा (नेपाल), जिला दंडाधिकारी व पुलिस कप्तान, दार्जिलिंग/उत्तर दिनाजपुर (प.बं.) तथा पुलिस अधीक्षक इस्लामपुर, पश्चिम बंगाल सम्मिलित हुए।बैठक में मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी सीमा को सील करने, सीमा से अवैध आवागमन पर रोक रहेगी।साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल की तैनाती, बॉर्डर क्षेत्रों में वाहन जांच, मतदान के 48 घंटे पूर्व बॉर्डर जिला में शराब की बिक्री पर रोक, सूचना संकलन व आदान प्रदान और विस्फोटक पदार्थ तथा आतंकी गतिविधि पर नियंत्रण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। पुलिस कप्तान कुमार के द्वारा उक्त बिंदुओं पर कार्रवाई हेतु सम्बंधित पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया ताकि शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से निर्वाचन संपन्न कराया जा सके।

### आज से शुरू हो रहा है सर्वमंगल कारक शारदीय नवरात्र

**संवाददाता, रोहित अग्रवाल न्यूज सबकी पसन्द ठाकुरगंज**



किशनगंज। आज से माँ की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा 10 दिनों तक चलेगी ऐसे में भक्तों द्वारा अपने घरों में कलश बैठा कर पूजा अर्चना आरंभ की गई पूजा सामग्री खरीदने को लेकर बाजारों में खरीद दारी करने पहुँचे माँ के भक्त। माँ दुर्गा के प्रतिमा का पट सप्तमी को खुलेगा नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर नवरात्र के नवमी तक माँ के भक्त व्रत रखते है रोजाना मां दुर्गा के मंदिर पहुंचकर प्रातः पुष्पांजलि करते है।

संध्या बेला में मां दुर्गा की स्तुति कर दिया बत्ती के साथ अगरबत्ती जला कर पूजा अर्चना करते है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्र पर्व शुरू होता है जो नवमी तिथि तक चलता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना होती है और भक्त नौ दिनों तक माता रानी का व्रत करते है। नवरात्रि के पहले दिन जहां शुभ मुहुर्त में घटस्थापना करने का विधान है तो वहीं आखिरी दिन कन्या पूजन करके व्रत खोला जाता है।

# जमुनहा फील्ड में जलजमावः हैलीकॉप्टर लैंडिंग व चुनावी सभा में आयेगी बाधा

**सुनील कुमार गुप्ता, संवाददाता न्यूज सबकी पसन्द**

पंचदेवरी(गोपालगंज)। जिले में दूसरे चरण में तीन नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। ऐसे में, कुचायकोट विधानसभा की बात करें, तो यहां डीएम सह जिला निर्वाचन अधिकारी अरशद अजीज ने कुल ग्यारह खेल एवं विद्यालयों के मैदानों में राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी सभा का आयोजित करने का निर्देश दिया है। स्थानीय प्रखंड में तीन ऐसे मैदान है, जहां चुनावी सभाएं करने की अनुमति प्राप्त हुई है। इनमें से शिवनंदन साह स्मार्क उच्च विद्यालय पंचदेवरी का मैदान, उच्च विद्यालय सह इण्टर कॉलेज जमुनहा बाजार का मैदान और तीसरा मैदान तपेश्वर नाथ उच्च विद्यालय सह इण्टर कॉलेज छितौना शामिल है। अब, बात करें यहां चुनावी सभाओं की सफलता की, तो इसमें खलल पड़ता दिख रहा है।

**मैदान का नाम**

1. उच्च विद्यालय, पंचदेवरी
2. उच्च विद्यालय, जमुनहा बाजार
3. उच्च विद्यालय, छितौना
4. एसएमडी कॉलेज, जलालपुर
5. रमना फील्ड, रामपुर माधो
6. राजकीय पॉलीटेक्निक, सिपाया
7. उच्च विद्यालय, बलिवन सागर
8. बुनियादी विद्यालय, चौलवां
9. अपग्रेड उच्च विद्यालय, महुअवां
10. अपग्रेड उच्च विद्यालय, मतेया
11. अपग्रेड उच्च विद्यालय, मतेया खास



जलजमाव के बिगड़ी फील्ड की सूरत

**फील्ड के बीचोबीच लगा है पानी, मतदान की तारीख नजदीक**

रिपोर्टिंग के दौरान जब संवाददाताओं की टीम जमुनहा उच्च विद्यालय के फील्ड में पहुंची, तो देखी कि फील्ड के बीचोबीच जलजमाव है। इधर, मतदान की तारीख भी नजदीक आती जा रही है। कुछेक दिनों में यहां हर पार्टियों के बड़े-बड़े नेता, स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए सीधे हैलीकॉप्टर से लैड करेंगे तथा जनता को संबोधित कर अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। बहरहाल, फील्ड की सूरत देखकर यही कहा जा सकता है कि फील्ड का जलजमाव चुनावी सभाओं में व्यावधान उत्पन्न करने के लिए तमाम है।

**कुचायकोट विस में 11 जगह है अनुमति, अन्य जगहें भी हो सकती हैं ऐसी**

कुचायकोट विधानसभा में दो प्रखंड आते हैं। एक तो खुद कुचायकोट और दूसरा पंचदेवरी। ऐसे में अगर अन्य जगहों पर भी रुख करें, तो ऐसी स्थित दिख सकती है। जहां सभाएं होनी है, हम आपको उसकी पूरी जानकारी दे रहे है।

♦ टीकाकरण के साथ-साथ मिल रही है परिवार नियोजन पर जानकारी, ♦ वीएचएसएनडी को सशक्त करने में केयर इंडिया द्वारा किया जा रहा सहयोग, ♦ सामूहिक सहभागिता से लोगों को जागरूक करने की पहल

# वीएचएसएनडी से परिवार नियोजन कार्यक्रम को मिल रही गति, अस्थाई साधनों का हो रहा निःशुल्क वितरण

**अरविंद सिंह, संपादक (बिहार) न्यूज सबकी पसन्द**



गोपालगंज। परिवार नियोजन साधनों पर आम लोगों को जागरूक करने के मकसद से स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसको लेकर जिला स्तर से सामुदायिक स्तर पर कई जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस यानि आरोग्य दिवस की भूमिका भी अहम है। ग्रामीण स्तर पर प्रत्येक सप्ताह में दो दिन आरोग्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जाँच के अलावा परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर महिलाओं को सलाह दी जा रहा है। आरोग्य दिवस पर परिवार नियोजन साधनों पर बेहतर परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराने में स्वास्थ्य विभाग के साथ केयर इंडिया भी सहयोग कर रहा है।

**सामूहिक सहभागिता पर जोर**

आरोग्य दिवस के आयोजन में आशा एवं एएनएम के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओंद्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। परिवार नियोजन साधनों के इस्तेमाल में बढ़ोतरी के लिए आरोग्य दिवस पर आने वाली महिलाओं को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। गर्भवती माताओं को प्रसव के बाद परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस के बारे में एएनएम विस्तार से जानकारी दे रही है। धात्री माताओं को भी बच्चों में अंतराल रखने की सलाह के साथ उपलब्ध साधनों के बारे में भी बताया जा रहा है।

**आरोग्य दिवस को सशक्त करने का प्रयास**-केयर इंडिया के परिवार नियोजन समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के साथ केयर इंडिया वीएचएसएनडी पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। इसमें एएनएम मुख्य रूप से महिलाओं को गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी देती है। इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न आरोग्य दिवस का नियमित दौरा कर परिवार नियोजन परामर्श की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। इसकी मॉनिटरिंग भी की जाती है।

### परिवार नियोजन साधनों पर चर्चा

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम धीरज कुमार ने बताया कि अब टीकाकरण के साथ-साथ महिलाओं को परिवार नियोजन पर भी जानकारी दी जा रही है। परिवार नियोजन साधनों पर चर्चा करने से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सही जानकारी नहीं होने के कारण बहुत सारी महिलाएं चाह कर भी परिवार नियोजन के साधन का इस्तेमाल नहीं कर पाती है। कुछ महिलाएं ऐसी भी होती है जिन्हें परिवार नियोजन साधनों के विषय में बात करने में झिझक भी महसूस होती है। इस दिशा में आरोग्य दिवस पर महिलाओं को परिवार नियोजन साधनों की जानकारी देना काफी कारगर साबित हो रहा है।

**इन साधनों की दी जा रही जानकारी**-आरोग्य दिवस पर परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्थायी साधनों में महिला नसबंदी एवं पुरुष नसबंदी एवं अस्थायी साधनों में कॉपर टी, गर्भ-निरोधक गोली(माला-एम एवं माला-एन), कंडोम एवं इमरजेंसी कंट्रासेपटीव पिल्स के बारे में बताया जा रहा है।

**नवीन गर्भनिरोधक पर बल**

नवीन गर्भनिरोधक 'अंतरा एवं 'छाया' के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। 'अंतरा' गर्भ निरोधक इंजेक्शन का इस्तेमाल एक या दो बच्चों के बाद गर्भ में अंतर रखने के लिए दिया जाता है। साल में इंजेक्शन का चार डोज दिया जाता है। वहीं 'छाया' गर्भ निरोधक एक साप्ताहिक टेबलेट है। इसे सप्ताह में एक बार सेवन करना होता है।

# भोरे विधानसभा से लोजपा प्रत्याशी पुष्पा प्रकाश ने भरा पर्चा



**जितेन्द्र कुमार पाठक,** संवाददाता
न्यूज सबकी पसन्द

हथुआ/भोरे(गोपालगंज)। मंगलवार के दिन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हथुआ डीसीएलआर कार्यालय पहुंचकर 2 प्रत्यासी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर को दूसरे चरण के लिए होनेवाली बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिसको देखते हुए पार्टी स्तर से लेकर कई निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भोरे 103 विधानसभा से जदयू प्रत्यासी सुनील कुमार ने हथुआ डीसीएलआर कार्यालय में नामांकन दर्ज कराया। इस दौरान सुनील कुमार के समर्थन में सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। वही भोरे 103 विधानसभा के लिए लोकजनशक्ति पार्टी प्रत्यासी पुष्पा प्रकाश ने भी अपना नामांकन दर्ज कराया।

इस दौरान लोकजनशक्ति पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे पत्रकारों से बात करने का दौरान उन्होंने बताया कि हमारी मुद्दा गरीबी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, इत्यादि हमारी पहली प्राथमिकता रहेंगी।

# जनसंपर्क: जनता के द्वार ,आने लगे उम्मीदवार

**अभय कुमार, संवाददाता**
**न्यूज सबकी पसन्द**

सीवान/सिसवन। दरौदा विधानसभा में नामांकन करने के बाद सभी दल के प्रत्याशियों सहित निर्दलिये प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कार्य तेज कर दिया है।विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुटे है।जनसंपर्क के दौरान एनडीये प्रत्याशी महागठवंधंन पर हमले बोल रहे तो वहीं महागठवंधन प्रत्याशी बिहार में एनडीये सरकार की कमियों को गिनाकर नए वादे कर रहे है। निर्दलीय भी अपने स्तर पर विकास के वादे कर वोट मांगने में लगे हुए हैं।

जहां एक तरफ एनडीये से भाजपा प्रत्याशी कर्णजित सिंह उर्फ व्यास सिंह ने घुरघाट मोरवन,तिलौत,चांदपुर,सिसवन में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन मांगा वही महागठवंधंन के माले प्रत्यासी अमर यादव भी क्षेत्र में समर्थन जुटाने में लगें है,दरौदा से निर्दलीय विधानसभा चुनाव लडने वाले रोहित सिंह अनुराग,के के सिंह सहीत सभी निर्दलिये प्रत्यासी भी अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के कई गांवो का दौरा कर रहें है।सूत्रों के माने तो उम्मीदवार मतदाताओं से आशीर्वाद लेकर विकास के दावे के साथ समस्याओं के त्वरित समाधान का भी आश्वासन दे रहे हैं।



नामांकन के बाद जनसंपर्क में जुटे प्रत्याशी

# भटके बच्चे को चाइल्ड लाइन ने किया परिजनों के सुपुर्द



**संवाददाता, रोहित अग्रवाल**
**न्यूज सबकी पसन्द**

ठाकुरगंज(किशनगंज)। प्रखंड के तहत कॉलेज मोड़ पर एक भटका बच्चा आउटरीच कार्यक्रम के दौरान मिला।

भट्टके बच्चे को चाइल्ड लाइन कार्यालय सदस्य अरविंद कुमार मंडल द्वारा लाया गया.चाइल्ड लाइन के प्रखंड समन्वयक अमित राज यादव ने बच्चे की काउंसलिंग से बच्चा का नाम उमर अली उम्र 11 वर्ष पिता मोहम्मद जलाल पता बेलवा पंचायत मोतिहारी बताया।।

मोतीहारा पंचायत के मुखिया मोहम्मद अब्दुल रहमान से टेलिफोनिक बात कर बच्चे के मिलने की सूचना दिया गया कुछ ही समय में मुखिया जी द्वारा बताया गया कि बच्चे मेरे गांव का ही है उनके पिता की मृत्यु हो गई है आज सब्जी लेने के क्रम में वह बेलवा गया था जिस कारण वह बस पर चढ़ गया और भटक गया बच्चे की भटकने की सनहा ठाकुरगंज थाना में की गई साथी जिला बाल कल्याण समिति किशनगंज को टेलिफोनिक जानकारी दिया गया टेलीफोन एक आदेश पर ही बच्चे को उनके माता को सुपुर्द करने के लिए परिमल कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार मंडल गए बच्चे को पाकर माता ने खुशी जाहिर की।

# भारत-नेपाल सीमा पर भारी मात्रा में चायनीज मटर जब्त

**न्यूज सबकी पसन्द, किशनगंज**
**न्यूज सबकी पसन्द**

सिसवन(सीवान)। एसएसबी 12वीं बटालियन सी कंपनी पलसा बीओपी के जवानों ने गुरुवार अहले सुबह गश्ती के क्रम में नेपाल से तस्करी कर ला रहे 20 साइकिल पर लदे 150 बोरी चायनीज मटर के साथ तस्करी के एक आरोपी को पकड़ कस्टम के हवाले किया है। कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर पुष्पराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके जवान सीमा पर गश्ती कर रहे थे।

गुरुवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे पीलर संख्या 136/4 चट्टान टोला गांव के समीप कुछ लोग साइकिल पर बोरा में चाइनीज मटर लादकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया। तस्करों को देखते ही एसएसबी के जवानों ने उनकी घेराबंदी की कोशिश की। जवानों को देखते ही सभी लोग साइकिल सहित मटर छोड़कर भागने लगे। तब एसएसबी जवानों ने खदेड़ कर तस्करी के एक आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई। शेष लोग सीमा पार नेपाल की ओर भागने में सफल हो गए ।

जांच करने पर 20 साइकिल पर 150 बोरी चायनीज मटर लदा हुआ था। कंपनी कंमाडर इंस्पेक्टर पुष्पराज सिंह ने बताया कि सभी 150 बोरी जब्त किए गए मटर एवं 20 साइकिल किशनगंज कस्टम के हवाले कर दिया गया है। तस्करी के आरोपियों की पहचान मो.मुस्ताक पिता मो.हसन ग्राम सिंघीमारी मिल्लीक के रुप में की गई है। गश्ती दल में नाका पार्टी के एएसआई दुर्गा प्रसाद, दीपक डबेरी,बिपिन कुन्दन, अमित कुमार, पवन कुमार आदि जवान शामिल थे।



**दो अलग-अलग कार्रवाई में 7 लाख 53 हजार जब्त**

एनएच-31 के रामपुर चेकपोस्ट पर हुई जब्ती रू किशनगंज।एसपी कुमार आशीष के निर्देश पर लगातार चलाये जा रहे वाहन चेकिंग में बुधवार की देर शाम को किशनगंज पुलिस के द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाई में 7 लाख 53 हजार रुपए जब्त किया गया है। बुधवार की शाम रामपुर चेक पोस्ट पर कार्रवाई की गई है। दोनो पश्चिम बंगाल से एनएच-31 के रास्ते बंगाल जा रहे थे। पहली कार्रवाई में बंगाल के नदिया जिला निवासी हरप प्रसाद के कार से जांच के दौरान तीन लाख तीन हजार 800 रुपए जब्त किया गया है। दूसरी कार्रवाई में बंगाल के मालदा निवासी परोस दास के डब्लूबी 66 4728 नंबर के वाहन से साढ़े चार लाख रुपए जब्त किया गया। वहीं दोनो मामले में आदर्श आचार संहिता के उलंघन को लेकर रुपए जब्त की गई है। दोनो मामलो जब्त रुपये व्यवसायी के हैं। दोनो मामले में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कागजात की मांग की गई। रुपए संबंधित कागजात नहीं दिखाने के कारण कारवाई की गई है।

विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसके कारण सभी चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखा जा रहा है। हर आने जाने वालों वाहनों की सघन जांच की जा रही है । जांच में बाइक चालकों के कागजात की भी जांच की जा रही है।

## समाज के हर वर्ग हर समुदाय एनडीए के साथ,मिल रहा है आपार समर्थन,-अल्ताफ

**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**

मढौरा (सारण) मढौरा विधान सभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के लिए वर्ण भेद सब कुछ ध्वस्त हो गया है सभी समाज के लोगो समर्थन में आ रहे है ,मढौरा विधान सभा के तकिया, जगदीशपुर पंचायत के दर्जनों गावो में एनडीए प्रत्याशी अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि हमारे समर्थन में वर्ग विभेद जात पात से ऊपर उठ कर लोगो विकास के मुद्दों पर गोबन्द है।उन्होंने उक्त पंचायतो में एक एक घर जाकर मतदाताओं से मिलकर अपनी चुनावी मुद्दों से अवगत कराते पक्ष में मतदान की अपील किया ।उन्होंने मुख्यमंत्री के बिहार विकास के नए कार्यक्रमो से अवगत भी कराया।मौके पर कई कार्यक्रता समर्थक शामिल थे।

# बैलगाड़ी पर चढ़कर चले नामांकन करने आमोद गोप




**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**

सोनपुर (सारण) सोनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसानों, दलितों, हर गरीब वर्गों के साथ रहने वाले सबके चहते आमोद गोप ने बैलगाड़ी पर बैठकर अपने समर्थकों के जन सैलाब के साथ ढोल बाजे बजाते हुए सभी समर्थकों ने बाबा हरिहरनाथ में पूजा अर्चना करने के उपरांत सोनपुर एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया । आमोद गोप सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के हर छोटे से बड़े समारोह एवं टोपोलैंड की समस्याओं, क्षेत्र की समस्याओं पर आवाज उठाते हुए गरीबों, असहायओं को मदद करने के लिए प्रखंड ,अंचल, अनुमंडल कार्यालय यहां तक कि जिले के आलाधिकारियों तक जनता की समस्याओं को आवाज उठाते और उन्हें मदद करने का एक गरीब मसीहा के रूप में वह चर्चित चेहरे हैं।

# जेडीयू उम्मीदवार अमरेंद्र पांडे ने काला मटिहानिया, तिवारी मटिहानिया व सलहपुर का किया दौरा

**संवाददाता, जितेंद्र पाठक**
**न्यूज सबकी पसंद**

हथुआ/कुचायकोट(गोपालगंज। बिहार विधानसभा चुनाव में गोपालगंज की कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र 102 से चार बार से अमरेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय विधायक हैं. वैसे तो सूत्रों का कहना है अमरेंद्र पांडेय को बाहुबली कहा जाता है, लेकिन इलाके में इनका खासा क्रेज है. क्षेत्र के लोग इन्हें काम की वजह से बाहुबली कहे जाने की बात कहते हैं. इनका कहना है कि भले ही कोई आरोप लगें, लेकिन हमारे विधायक क्षेत्र में इतना काम करते हैं, जिससे हम लोग इन्हें बाहुबली कहते हैं, जो काम कह देते हैं. वो पूरा करके दिखाते हैं



पांचवीं बार चुनाव मैदान में उतरे है अमरेंद्र पांडेय इनको लेकर कुचायकोट के लोग खुश हैं. इनका कहना है कि विधायक की ओर से इलाके के लोगों का सम्मान किया जाता है. इसके लिए हर साल सम्मान समारोह का आयोजन होता है. जाड़े के समय में विधायक क्षेत्र के लोगों को बुलाते हैं और खुद सम्मान करते हैं. महिलाओं को शॉल, साड़ी, पुरुषों को कंबल और बच्चों को पढ़ाई का सामान देते हैं. कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के लोगों केलिए विधायक अमरेंद्र पांडे उर्फ पप्पू पांडे मसीहा के रूप में मिले हुए हैं इनके द्वारा इलाके में नली-गली का काम तो कराया ही है. रोड भी बनवा दी है. किसी तरह की समस्या नहीं रह गयी है इस दरमियान कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के सलेह पुर, कला मतिहनिया, तिवारी मटिहनिया, गांव इत्यादि गांवओ का दौरा माननीय विधायक अमरेंद्र पांडे के द्वारा की गई जिसमें हजारों हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे.

# वारंटी गिरफ्तार

**परमा नन्द पाण्डेय ,**
**संवाददाता/न्यूज सबकी पसंद**

बड़हरिया(सीवान)। पुलिस ने छपमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया । थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र बालापुर गांव निवासी भरत साह है जिसे जमादार मो सैयद हसन ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

# बड़हरिया का विकास मेरी पहली प्राथमिकता: अनिल गिरि

संवाददाता, न्यूज सबकी पसन्द

बड़हरिया ( सिवान)। 110 बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं निर्दलीय प्रत्याशी अनिल कुमार गिरि ने 13 अक्टूबर 2020 को नामांकन के बाद गुरुवार से अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत कोइरिगवा करबाला तीनभेड़िया, कुड़वा चौमुखा, बरहनी सुपौली, जसौली, मल्लूपुर, नारायणपुर, गम्हरिया, तरवारा भरतपूरा समेत दर्जनों गांव में मतदाताओं से जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान सभी वर्गो का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। एनडीए से टिकट निहि मिलने पर भाजपा से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी अनिल गिरि ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि विगत 40 सालों से मैं भाजपा का सच्चा सिपाही के रूप में कार्य कर हूं ।भाजपा के बुरे दिनों में भी कई परेशानियों को सहते हुए मैं पार्टी और संगठन की मजबूती के लिये कई पदों पर रहते हुये दायित्वों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी से किया है। लेकिन गठबंधन धर्म में वर्तमान विधायक जी फिर बड़हरिया के विधायक प्रत्याशी है। जिससे उनके कार्य शैली से बड़हरिया का विकास बाधित हो गया है। मैं बड़हरिया विधानसभा के हर घर दरवाजे पर गया हूं मतदाताओं ने मुझे आशीर्वाद देने का वचन दे चुकी हैं ।उनके आशीर्वाद से मैं बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी खड़ा हुआ हूं। हर वर्ग के मतदाताओं का अपार जनसमर्थन मुझे मिल रहा है। जानता मुझे विकल्प के रूप में देख रही है। बड़हरिया की जनता का आशीर्वाद मिला तो बड़हरिया का सम्मान वापस दिलाऊंगा। बड़हरिया को भ्रष्टाचार मुक्त बनाऊंगा ।

# पंचदेवरी में सर्पदंश से युवक की मौत, पीएचसी में नहीं था कोई चिकित्सक

**सुनील कुमार गुप्ता, संवाददाता न्यूज सबकी पसन्द**

पंचदेवरी(गोपालगंज)। प्रखंड क्षेत्र के तिवारी छापर गांव में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। मृतक, तिवारी छापर गांव के मधु पटेल का पुत्र तारकेश्वर पटेल है। बताया जाता है कि शुक्रवार को घर में साफ-सफाई करने के दौरान डिहरी से निकला जहरीला सर्प तारकेश्वर को डंस लिया। इसके बाद परिजनों ने तारकेश्वर को लेकर पंचदेवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा, जहां एक भी डॉक्टर



ड्यूटी में नहीं था, जो तारकेश्वर का प्राथमिक उपचार कर पाये। फिर पीएचसी में कार्यरत एक नर्स ने कहा कि दवाइयां उपलब्ध नहीं है। आनन-फानन में परिजन फिर तारकेश्वर को लेकर यूपी के तमकुही राज पहुंचा कि वहीं, उसकी मौत हो गई। फिर परिजन घर पहुंचे। गांव आने बाद परिजनों ने उसकी झाड़फूंक शुरू करवा दी। खबर लिखे जाने तक मृत की झाड़फूंक चलती रही। हालांकि, तारकेश्वर की मौत के बाद किसी प्रकार का हंगामा नहीं हुआ। परिजन बार-बार आरोप लगा रहे थे कि पीएचसी में डॉक्टरों की अनुपस्थिति ही तारकेश्वर की जान ली है। बतादें , कि तारकेश्वर शादी-शुदा था। उसकी संतानों में बालबीर चार, सुंदर दो और एक बेटी श्रेया एक वर्ष की है। वहीं, मृतक की पत्नी चंदा देवी और माँ सुभावती देवी सहित परिजनों का बुरा हाल है। तारकेश्वर की आकस्मिक मौत से उसकी पत्नी व बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

- परिजनों से पीएचसी की नर्स ने कहा- नहीं है दवाइयां
- इलाज के लिए यूपी जाते वक्त तारकेश्वर ने तोड़ दिया दम

## बनियापुर में नीतीश कुमार के विकास कार्यो के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहा हूं- वीरेन्द्र ओझ

**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**



बनियापुर (सारण) एनडीए प्रत्याशी वीरेंद्र ओझा ने शुक्रवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है।जहां भारी संख्या में समर्थको का जन सैलाब उमड़ पड़ा था।उन्होंने जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद तमाम समर्थकों को अभिवादन करते सबका धन्यवाद दिया,वही समर्थको ने फूलमाला से श्री ओझा का स्वागत करते रिकार्ड मतों से जिताने की बात कही।जहा वीरेंद्र ओझा ने एनडीए के वीआईपी कोटे से प्रत्याशी बनाए जाने पर एनडीए के शीर्ष नेताओं सहित मुकेश सहनी को धन्यवाद दिया।वही कहा कि बनियापुर की जनता में आपार उत्साह और खुशी व्याप्त है।बनियापुर विधान सभा के मशरख और बनियापुर की जनता सीट परिवर्तन के लिए आतुर है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 15 वर्षो में हुए विकास का मुद्दा बना कर एक मतदाताओं से पक्ष में मतदान की अपील कर रहा हु।मौके बनियापुर मशरख के सभी मुख्य एनडीए के कार्यकता एवम समथक शामिल थे।

## कानून के डंडा के आगे नही चला वाहन चालकों के चालाकी

**विभा कुमारी छपरा ब्यूरो न्यूज सबकी पसंद**

छपरा (सारण) विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे प्रशासन द्वारा प्रखंड में वाहन की तलाशी में तेजी बढ़ा दी है । छपरा- हाजीपुर मुख्य मार्ग एनएच 19 के नए गंडक पुल के नजदीक शिव बचन सिंह चौक पर वाहन की तलाशी सख्ती से की जा रही है। इसी दौरान दुपहिया व चार पहिया वाहनों का गहन जांच की जा रही है।

इस दृश्य से वाहन चालकों के साथ-साथ शराब,बालू,अबैध रूप से परिवहन नियमो के उल्लंघन करने वाले लोगों को जुर्माना लगाते हुए 18 हजार 5 सौ रुपये का वसूली सोनपुर सीडीपीओ ने की। वाहन चेकिंग अभियान से कारोबारियों,वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। सोनपुर सीडीपीओ शविना अहमद के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान में वैसे वाहन चालको जो बिना ड्राइवरी लाइसेंस, इंसुरेंस, प्रदूषण, बिना हेलमेट ,फोर व्हीलर वाहनों में विना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने ,वाहन पेपर, कला सीसा या अधिकारियो व पार्टी के बोर्ड लगाकर अपने नही बल्कि अपने रिश्ते- नाते को गाड़ी देकर चलने वाले के ऊपर आर्थिक दंड के रूप में सोनपुर सीडीपीओ ने जुर्माना अदा की।

वही शविना अहमद ने बतायी कि वाहन चौकिंग अभियान में कई लोगों ने वरीय अधिकारियों एवं राजनीतक रसूरवदारो का करीबी बता कर छूट जाने की कोशिश की। यहां तक कि कितने वाहन में बैठे लोगों ने धमकियां भी देने में पीछे नहीं रहा लेकिन सोनपुर सीडीपीओ शविना अहमद ने अपना कर्तव्य व कानून को पालन करते हुए किसी को नहीं छोड़ी और उन लोगों को कोई पैरवी काम नहीं आई अंत में सभी लोगों से जुर्माना अदा करते हुए आगे की ओर यात्रा किया।

उन्होंने यह भी जनकारी दी कि यह लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाई जाएगी और लोगों से जुर्माना वसूल किया जाएगा इसमें किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिससे विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हो सके।

## सोनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया डॉ. चंदन लाल मेहता

**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**

सोनपुर (सारण) सोनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के कर्मठ लगनशील, तेजतर्राज नेता डॉक्टर चंदन लाल मेहता ने सोनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के टिकट नहीं मिलने के कारण यहां पर भाजपा सीट होने के कारण डॉक्टर चंदन लाल मेहता ने पार्टी से नाराज होकर सोनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सोनपुर एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार के समक्ष शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व अपने जन सैलाब के साथ दल बल के साथ बाबा हरिहरनाथ में पूजा अर्चना किया। डॉक्टर चंदन लाल मेहता ने कोरोना काल में गरीबों, असहाय, पीड़ितों को आर्थिक मदद करते हुए उन्होंने पूरे क्षेत्र मे मुफ्त मे मास्क, सैनिटाइजर,साबुन यहां तक कि गरीबों को दो वक्त की रोटी भी पहुंचाने में पीछे नहीं रहे। इन्होंने बाढ़ जैसी विषम परिस्थिति में स्वयं नौका पर बैठ कर पीड़ित परिवारों के घर पहुंच कर गरीबों को मदद पहुंचाने का कार्य किए। जो एक सच्चे समाजसेवी का कर्तव्य उन्होंने बखूबी से निभाते हुए सरकारी स्थानों पर ऑटोमेटिक सेनेटाइजर



मशीन लगाए। उन्होंने कोरोनावायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उन्होंने गरीबों असहाय आम जनता को जागृत करने के लिए पोस्टर, बैनर के द्वारा काफी जागृत करते हुए अपने क्लिनिक में भी गरीबों असहाय को सदैव मदद करते आ रहे हैं। इनका कहना है कि बिहार और सोनपुर तभी विकसित हो सकता है जब शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त होगा। बेरोजगारो को रोजगार के लिए हर संभव प्रयास करते हुए गृह उधोग, टेक्निकल योजनाओं को सोनपुर में स्थापित करेंगे। हर हाथ में रोजगार हो, स्वास्थ व्यवस्था दुरुस्त हो साथ ही क्षेत्र के कई समस्याओं पर विशेष पहल कर समस्याओं को समाधान करेंगे तभी सोनपुर की जनता आगे बढ़ेगी तभी हमारा क्षेत्र विकसित होंगे।

## विश्व खाद्य दिवस पर जेपीयू में हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**

छपरा (सारण) विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जेपीयू छपरा के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजि संगोष्ठी में कुलपति डॉ फारूक अली ने कहा कि हमारे देश में अनाज सड़ता है और गरीब भूखे मरता है, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने सरकार से कहा था कि जनता को अन्न तक पहुंचाइए या फिर अन्न तक जनता को पहुंचाइए। भारत मे 2011 में श्खाद्य सुरक्षा कानून्श लागू किया गया लेकिन उसके सही क्रियान्वयन के अभाव में आज भी भुखमरी मुक्त भारत नहीं हो पाया है। विश्व भूख सूचकांक में भारत की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। हमें नवजात व जच्चा-बच्चा को मजबूत बनाना होगा तभी देश मजबूत होगा क्योंकि बुनियाद बुलंद होगी तभी इमारत बुलन्द होगी। बताते चले कि उक्त दिवस 1979 ई से प्रतिवर्ष मनाया जाता है, विश्व खाद्य दिवस 2020 की थीम रहा- ग्रो, नौरिश, सस्टेन, साथ में। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति, कुलसचिव एवं विज्ञान संकाय प्रमुख सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों का स्वागत संयोजक डॉ मो. सरफराज अहमद द्वारा किया गया। कुलसचिव ग्रुप कैप्टन श्रीकृष्ण ने कहा कि लोगों में संतोष की भावना नही बची है। कोई खाते-खाते मर रहा है तो कोई खाये बिना मर रहा है। प्रो. अमरेन्द्र झा द्वारा संचालित कार्यक्रम में परिसंपदा पदाधिकारी प्रो. रवींद्र कुमार सिंह, पूर्व प्रति-कुलपति सह विज्ञान संकायाध यक्ष प्रो अशोक कुमार झा, प्राचार्य प्रो. शम्भू कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ सुनीता कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा हुई। डीएसडब्ल्यू प्रो उदय शंकर ओझा, पीआरओ प्रो हरिश्चंद्र, सहायक पीआरओ डॉ दिनेश पाल, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार, डॉ संगीता रानी, श्री रविकांत शुक्ला सहित तमाम शिक्षक, शोधार्थी एवं अन्य उपस्थित थे।

## बड़हरिया थाना के किसी भी बाजार और गांव में पूजा पंडाल का निर्माण नहीं होगा: सीओ

**परमा नन्द पाण्डेय, संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**

बड़हरिया(सीवान)। प्रखंड के लकड़ी दरगाह पंचायत के त्रिलोका हाता गांव स्थित पुलिस पिकेट के प्रांगण में दशहरा दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना अध्यक्ष मनोज कुमार और सीओ गौरव प्रकाश ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता में हुई। बैठक में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने लोगो से अपील किया कि किसी भी सूरत में कोरोना काल मे थाना क्षेत्र के किसी भी बाजार, गांव और चौक चौराहे पर माता दुर्गा पूजा दशहरा में पूजा पंडाल का निर्माण नहीं करें। सीओ गौरव प्रकाश ने लोगो से अपील किया कि आप सभी लोग कोरोना को पराजित करने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में शामिल सभी लोगो ने सर्व सम्मति से दुर्गा



असामाजिक तत्वो और शांति भंग करने वाले बख्शे निहि जायेगे थाना अध्यक्ष

पूजा नडाल का निर्माण नही करने और डीजे नही बजाने और सरकार द्वारा निर्धारित नियमो का पालन करने का संकल्प के साथ शपथ लिया । थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि सरकारी नियमो का उलंघन करने और शांति भंग करने और असामाजिक तत्वो पर पुलिस की विशेष नजर है और दोषी पाए जाने पर उन लोगो पर कानूनी करवाई की जाएगी। बैठक में दशहरा में दुर्गापूजा मंदिर और घरों में सोसल डिस्टेंसिंग के साथ मुंह पर मास्क लगा कर दुर्गा पूजा करने पर सहमति बनी। कोरोना संक्रमण का ख्याल रखकर सरकार के दिशा निर्देश का पालन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया मो० कयूम पूर्व मुखिया संजय प्रसाद सरपंच संजय साह पूर्व मुखिया मुना पाल मुखिया विश्वकर्मा प्रसाद, सरपंच पैक्स अध्यक्ष नसीम अख्तर सैफी, निजाम हुसैन, प्रदीप कुमार, इरफान अली सैफी, राम किशुन यादव, प्रेम प्रकाश सोनी शकील अहमद, प्यारे लाल सोनी , सोनू कुमार, राम बाबु कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जनता के बीच से आया हूं, और जनता के बीच ही रहूँगा-मुखिया संगम बाबा

**संवाददाता न्यूज सबकी पसंद**



- संगम बाबा ने किया जनसंपर्क अभियान तेज, लोगों का मिल रहा है अपार समर्थन
- क्षेत्र की जनता को पांच सालो का हिसाब दे वर्तमान सरकार-संगम बाबा

तरैया (सारण) जनता के बीच नहीं रहने वाले सोचें, हम तो जनता के बीच मे ही रहते हैं। हम लोगों के भावना को समझते है, और प्रयास करते है कि अधिक से अधिक लोगों के दु:ख-सुख में अपनी सहभागिता दे सकूँ। उक्त बातें मुखिया संगम बाबा ने तरैया प्रखंड के डेहुरी पश्चिम व डेहुरी तख्त में लोगों के बीच डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान कहीं। वहीं मुखिया संगम बाबा ने बताया कि जनता वर्तमान प्रतिनिधि से पांच सालों का हिसाब माँग रही हैं। सरकार ने लोगों को ठगने का किया है। वहीं संगम बाबा ने बताया कि, उन्हें तरैया के जनता के द्वारा अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर सुरेंद्र यादव, निखिल सिंह, बंटी सिंह, दीपक, ईद्रामा रमण, छोटू सिंह आशीष, अर्जुन यादव अंकज सिंह, प्रकाश सिंह, आदित्य सिंह, गोल्डी सिंह, राहुल गिरी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थें।



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ और भारतीय पर्क्यूसिनिस्ट शिवमणि एवं कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ मुंबई के जुहू में फिल्म देहाती डिस्को के पोस्टर के लॉन्च के दौरान।

# शादी के बाद पूनम पांडे ने शेयर किया अपना डांस वीडियो

पिछले 9 सितम्बर को पूनम पांडे ने अपनी शादी की खबर अपने फैन्स को दी और पति सैम बॉम्बे के साथ ढेर सारी तस्वीरें शेयर कीं। हालांकि, शादी के एक हफ्ते बाद ही पूनम ने सैम के खिलाफ पुलिस में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी, उस वक्त दोनों गोवा में थे।

पुलिस ने सैम को हिरासत में ले लिया था। हालांकि, अब सब ठीक हो गया है और पूनम पांडे एक बार फिर से अपनी खुशहाल लाइफ को जमकर इंजॉय कर रही हैं।

पूनम पांडे ने अपने एक लाजवाब डांस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह जस्टिन बीबर के गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो में वह किलर मूव्स देती दिखाई दे रही हैं और काफी खुश नजर आ रही हैं।

इससे पहले पूनम ने पति सैम बॉम्बे के साथ एक और वीडियो शेयर किया था, जिसमें दोनों एक-दूसरे के साथ प्यार भरी बातें करते दिख रहे।

पूनम और सैम दोनों ने यह कन्फर्म किया है कि उनके बीच अब सब ठीक है और यह कपल एक नई शुरुआत करने जा रहा है। पूनम ने कहा, हम अपने बीच के विवादों को खत्म करने की कोशिश करते हैं। इसी बीच सैम बोल पड़े, सब कुछ ठीक हो गया है।



अब हमारे बीच सब ठीक हो गया है। इससे सहमति जताते हुए पूनम ने कहा, हम एक बार फिर साथ में हैं। पूनम ने आगे कहा, आपको पता है? हम दोनों एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं। हम एक-दूसरे के प्यार में पागल हैं। और शादियों में क्या इस तरह के लड़ाई-झगड़े नहीं होते? क्या पूनम और सैम के बीच परिवारों ने समझौता कराया? इसके जवाब में पूनम ने कहा, बिल्कुल, परिवार बेहद जरूरी हैं। लेकिन यह सब हमने अपने स्तर पर सुलझाया है।

# जल्द ही पठान की शूटिंग शुरू कर सकते हैं शाहरुख खान

पिछले काफी समय से शाहरुख खान के फैन्स उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। अब पता चला है कि शाहरुख जल्द ही अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की ऑफिशल घोषणा नहीं हुई है लेकिन यह खबर काफी दिनों पहले सामने आ चुकी है कि शाहरुख खान ने सिद्धार्थ आनंद की फिल्म पठान साइन की है।

बताया जा रहा है कि इस ऐक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग नवंबर महीने से शुरू हो सकती है। पहले इसकी शूटिंग मई-जून में शुरू होनी थी लेकिन कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन में इसे आगे बढ़ा दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले इस फिल्म की शूटिंग विदेशों में होनी थी लेकिन अब इसके बड़े हिस्से की शूटिंग पहले मुंबई में की जाएगी। खबर है कि फिल्म के लिए काफी महंगा और शानदार सेट भी तैयार किया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने बताया है कि फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू की जाने वाली थी लेकिन अब इसे नवंबर में शुरू किया जाएगा। माना जा रहा है कि हाल में शाहरुख का सामने आया लंबे बालों वाला लुक भी इसी फिल्म के लिए रखा गया है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि पठान में शाहरुख खान के अलावा जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। अब इस फिल्म की ऑफिशल अनाउंसमेंट का इंतजार किया जा रहा है।

# करीना ने खत्म की लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग

करीना कपूर मैटरनिटी लीव पर जाने से पहले अपने सारे काम निपटाने में जुट गई हैं। फिल्म लाल सिंह चड्ढा का काम भी तेजी से हो रहा है और करीना कपूर खान ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। करीना ने शूटिंग खत्म होने के बाद सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है।

करीना सितंबर के आखिरी सप्ताह में शूटिंग के बचे हुए हिस्सों को पूरा करने के लिए दिल्ली रवाना हुईं, जिसे उन्होंने पूरा कर लिया है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ फिल्म के सेट की तस्वीर भी शेयर की है। करीना ने इसे शेयर करते हुए लिखा है, और हर सफर का एक अंत होता ही है। आज मैंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग खत्म कर ली है। मुश्किल वक्त। महामारी, मेरी प्रेग्नेंसी, नर्वसनेस...लेकिन किसी भी चीज ने हमारे उस जुनून को रोक नहीं पाया जो हमने सेफ्टी के साथ-साथ शूट किया।



इस पोस्ट के साथ करीना ने आमिर खान और फिल्म की टीम का शुक्रिया भी अदा किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीना की प्रेग्नेंसी को ध्यान में रखते हुए शूटिंग के दौरान खास सावधानी और सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से पालन किया गया।

पिछले साल आमिर ने फिल्म से करीना का फर्स्ट लुक रिलीज़ किया था, जिसमें बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। आमिर खान और करीना कपूर खान अभिनीत लाल सिंह चड्ढा का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है और यह 1994 की हॉलिवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप का हिंदी रीमेक है।

# पहली बार साथ नजर आएगी रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी

रणबीर कपूर को बॉलिवुड के सबसे टैलंटेड ऐक्टर्स में से एक माना जाता है। हालांकि रणबीर कपूर ने काफी कम फिल्में की हैं और बहुत सारी ऐक्ट्रेस अभी तक उनके साथ पर्दे पर दिखाई नहीं दी हैं। इन ऐक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर भी हैं। श्रद्धा को भी बॉलिवुड की तेजी से उभरती टैलंटेड ऐक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। मगर अब फाइनली जल्द ही रणबीर-श्रद्धा की जोड़ी पर्दे पर दिखाई देगी।

खबर है कि रणबीर कपूर प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी सुपरहिट फिल्में बना चुके लव रंजन की अगली फिल्म में काम कर रहे हैं। अब पता चला है कि इस फिल्म के लिए लव रंजन ने रणबीर के ऑपोजिट श्रद्धा कपूर का नाम फाइनल किया है। यह एक रोमांटिक कॉमिडी फिल्म होगी जिसकी चर्चा पिछले काफी दिनों से है लेकिन इसकी कास्ट के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं मिल रही थी। इतना तो यह है कि रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी देखने के लिए फैन्स अब बेसब्री से इंतजार करेंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर पिछली बार संजय दत्त की बायोपिक संजू में दिखाई दिए थे। अब रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म वाणी कपूर और संजय दत्त के साथ शमशेरा और आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन के साथ ब्रह्मास्त्र हैं। श्रद्धा कपूर की बात करें तो वह पिछली बार टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 3 में नजर आई थीं। कोरोना वायरस की मार के कारण यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, जिससे समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार और नौकरी में सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा। कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे। अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में मन लगाना मुश्किल होगा। कार्यभार बढ़ने से मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और यात्रा पर जाने से बचें।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा और व्यर्थ के कामों में अधिक समय खराब हो सकता है। बुजुर्गों की सलाह लेकर काम करेंगे, तो सफलता के साथ ज्यादा लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रलोभन के चक्कर में न पड़ें तो बेहतर रहेगा। सहकर्मियों का पूरा सहयोग नहीं मिल पाएगा, जिससे कार्यक्षेत्र में निराशा का सामना करना पड़ सकता है। परिजनों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाते हैं तो अच्छा होगा। लेन-देन से बचना होगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।


**मिथुन राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कठिन परिश्रम से अच्छे व अनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें, अन्यथा व्यवसाय में नुकसान हो सकता है और नौकरी में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। कार्य स्थल पर सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। परिवार में खुशनुमा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम से धनलाभ के अवसर सुलभ होंगे। मन में उत्साह और शरीर में नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। अनैतिक रूप से धन कमाने के प्रयास लाभ तो देंगे, लेकिन बाद में समस्या खड़ी कर सकते हैं। नौकरी वाले लोग अधिकारी वर्ग से सतर्क रहें। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के साथ भी अच्छा समय व्यतीत होगा। महमानों का आगमन होगा। खान-पान का ध्यान रखें, यात्रा को टालें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य-व्यवसाय में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मन बेचैन रहेगा और किसी कार्य को करने में मन नहीं लगेगा। धन की आमद सामान्य रहेगी। कारोबार में जोखिम लेने से बचना होगा, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता है। सहकर्मी सामने से हितैषी बनेंगे, लेकिन पीछे से गड़बड़ कर सकते है। परिवार के साथ सम्बन्ध अच्छा रहेगा। बाहर घूमने जाने का अवसर मिल सकता है। अनावश्यक नोक-झोंक से दूर रहें।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय-व्यय में संतुलन बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में मंदी का सामना करना पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। नए लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। जमीन-जायदाद संबंधी मामले निपटेंगे। परिवार के सदस्यों को पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापारी धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखने से बेवजह के विवाद से बच सकते हैं। परिवार में कलह होने की संभावना रहेगी। खान-पान पर नियंत्रण रखें।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। परिश्रम से सभी कामों में सफलता मिलेगी और बिगड़े हुए काम बन सकते हैं। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन खर्च की अधिकता से चिंता बढ़ जाएगी। विपरीत लिंगीय से बातचीत करते समय सावधान रहें। गलत शब्दों का प्रयोग परेशानी में डाल सकता है। सामाजिक कार्यों में रुचि बनी रहेगी। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। वाद-विवाद में न पड़ें।



**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। शरीर में नया जोश और उत्साह देखने को मिलेगा और सभी कार्य आसानी से पूरा करेंगे। रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। प्रॉपर्टी में निवेश फायदेमंद रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त होगी। दैनिक कार्यों से समय निकालकर पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में शामिल हो सकते हैं, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कठिन परिश्रम के बावजूद कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलेगी, जिससे मन उदास रह सकता है। स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। नौकरी अथवा व्यवसाय में भी सफलता के अवसर तो मिलेंगे, लेकिन कार्यभार की अधिकता से ऐसे मौके हाथ से निकल सकते हैं। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और यात्रा पर जाने से बचें।

**मकर राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कार्यभार की अधिकता रहेगी और मेहनत का प्रतिफल भी प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने बचें, वरना मौका हाथ से निकल सकता है। शेयर बाजार और प्रॉपर्टी में निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। बुजुर्गों कि सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा, परिजनों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता से तनाव भी बढ़ेगी। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा वाद-विवाद में फंस सकते हैं। परिवार में कलह हो सकती है। निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। परिजनों और मित्रों को पूरा सहयोग मिलेगा। परिजनों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**मीन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। स्वभाव में कठोरता और रुखेपन पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा पूरा दिन खराब हो सकता है। बेवजह लोगों से विवाद होने की संभावना रहेगी। यात्रा लाभकारी साबित हो सकती है। काम के प्रति जिम्मेदारी को समझें और रुके हुए अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाएं। रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# पलक मुच्छल ने महामारी के दौरान की जिंदगी पर की बात

मशहूर पार्श्वगायिका पलक मुच्छल ने लॉकडाउन के दौरान खाली समय का उपयोग ऑनाइन परफॉर्म कर किया। साथ ही उन्होंने घर पर रहकर एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग भी की। गायिका ने इस दौरान अपने परिवार के साथ वक्त भी बिताया। पलक ने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैंने घर पर कई सारे गाने रिकॉर्ड किए। एक ऐसी असमंजस वाली स्थिति में घर में एक स्टूडियो का होना किसी आशीर्वाद से कम नहीं है और इस दौरान यही हमारे सबसे ज्यादा काम आई।

लॉकडाउन के दौरान मैंने पहले की अपेक्षा सबसे ज्यादा गाने रिकॉर्ड किए। उन्होंने आगे कहा, लाइव कॉन्सर्ट हो नहीं रहे हैं, लेकिन हम वर्चुअल ढंग से कुछ बेहतरीन लाइव कॉन्सर्ट किए हैं। यह एक अलग तरह का अनुभव रहा है। मेरे रिकॉर्डिंग मेरे स्टूडियो से होते रहे हैं।

मैंने वर्चुअली एक रियलिटी शो को भी जज किया है और घर पर एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग भी की है। पलक ने हाल ही में अपने गीत 'सईयां' को लॉन्च किया है।


**न्यूज सबकी पसन्द**

संस्थापक
श्रीमती नज़मा खातून
प्रधान संपादक
श्रीमती फातमुन निशा
उप संपादक
नूर सलाम
सलाहकार संपादक
सुधीर मिश्रा
कार्यकारी संपादक
चन्द्रहाश कुमार शर्मा
बिहार संपादक
अरबिन्द सिंह

**न्यूज सबकी पसन्द**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती फातमुन निशा द्वारा एन0एस0पी0 प्रेस, लेकव्यू कालोनी, अम्बेडकर पार्क, तारामण्डल, से प्रकाशित।
संपादक
श्रीमती फातमुन निशा
मो0 : 8948946930
R.N.I. No.-UPHIN/2013/54177
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र गोरखपुर।